डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
10 नवंबर 2024
रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
30 अधिकतम
21 न्यूनतम



Page-7

## ट्रिपल मर्डर, पेंचकस से तीन को गोदा

**बिजनौर,दोपहर मेट्रो**

उप्र के शहर बिजनौर की खलीफा कालोनी में ट्रिपल मर्डर से सनसनी फैल गई। पति-पत्नी और बेटे की पेचकस से गोदकर हत्या कर दी गई है। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर आकर जांच भी की है। इस दौरान भारी भीड़ एकत्र हो गई। बताया जाता है कि भूरा (50), उसकी पत्नी उबैदा (45) और 18 साल के बेटे याकूब के शव लहूलुहान हालत में पड़े थे। तीनों को पेंचकर गोदकर बड़ी बेरहमी से मौत के घाट उतारा गया था।

## ट्रक में जा घुसी कार, परिवार के 5 लोगों की मौत

**नोएडा.एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले में बड़ा सड़क हादसा पांच लोगों के लिये जानलेवा बना। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर हुए नॉलेज पार्क थाना इलाके में नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर एक ट्रक खराब खड़ा हुआ था। इस ट्रक में वैगनआर कार पीछे से घुस गई। हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य सवारों को स्थानीय पुलिस ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, चिकित्सकों ने सभी पांचों को मृत घोषित कर दिया।

### मप्र का प्रयोग महाराष्ट्र में भाजपा का नया संकल्प, महिलाओं को बांटेंगे नकद

# मप्र का योग महाराष्ट्र में आजमा रही भाजपा योगी के प्रयोग पर पवार बार-बार हो रहे खफा

**मुंबई/भोपाल,दोपहर मेट्रो, एजेंसी**

महाराष्ट्र में भाजपा का नारा 'बंटेगे तो कटेंगे' से उसके ही साथी दल उखड गये हैं। हालांकि पीएम मोदी ने इसे बदलकर सहयोगियों को संयत करने का परोक्ष प्रयास भी किया है लेकिन अजीत पवार फिर बिफर गये हैं। उनकी पार्टी महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन के साथ 57 सीटों पर मैदान में है। इस बीच आज सुबह केंद्रीय मंत्री अमित शाह मुंबई पहुंचे और महाराष्ट्र के लिये संकल्प पत्र जारी किया। इसमें भी महिलाओं को हर माह 2100 रूपये देने का वादा है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राज्य भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले, मुंबई भाजपा प्रमुख आशीष शेलार, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और पार्टी के अन्य नेता मौजूद रहे। खास बात यह है कि चुनाव में सभी दल महिला वे बेरोजगार मतदाताओं की खास फिक्र कर रहे हैं। इससे पहले झारखंड चुनाव के घोषणापत्रों में यह बात नजर आई है। गौरतलब है कि मप्र में यह प्रयोग पिछले वर्ष आजमाकर भाजपा ने सत्ता में पांचवी बार वापसी की है। यह अब हर दल आजमा रहा है।



### बंटेंगे तो... पर पवार और निरूपम भिड़े

महाराष्ट्र में विधानसभा के बीच एनसीपी मुखिया अजित पवार ने सीएम योगी के 'बंटेंगे तो कटेंगे' वाले बयान का विरोध करते हुए फिर कहा कि मैं उसका समर्थन नहीं करता हूं. महाराष्ट्र में ये नहीं चलता है। ये यूपी या झारखंड या कहीं और चलता होगा। दरअसल कांग्रेस ने जाति जनगणना और सत्ता मिली तो आरक्षण को 50 फीसदी के पार तक ले जाने का वादा किया है। जाति के आधार पर वोट साधने की इसी सियासत पर प्रधानमंत्री मोदी और उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार सियासी वार कर रहे हैं। मोदी ने एक रहेंगे सेफ रहेंगे का नारा दिया है। योगी बंटेंगे तो कटेंगे और एक रहेंगे तो नेक रहेंगे का नारा दे रहे हैं।

### संकल्प पत्र में क्या

- युवाओं के लिए 25 लाख नई नौकरियों का वादा
- महिलाओं को हर महीने 2100 रु. देने का वादा
- किसानों का कर्ज माफ करने का वादा
- किसानों के लिए भावांतर योजना लाएगी
- वृद्ध पेंशन योजना- सीमा 1500 रुपये से बढ़ाकर 2100 रुपये की जाएगी

### अजीत दादा नहीं समझ रहे



वहीं, शिवसेना (शिंदे गुट) नेता संजय निरूपम ने कहा है कि अजीत दादा आज नहीं समझ रहे हैं, आगे समझ जाएंगे। बंटेंगे तो कटेंगे ये लाइन बिल्कुल चलेगी। अजित दादा को समझना पड़ेगा। योगी कोई गलत बात नहीं कर रहे हैं, इसे समझने में कुछ लोगों को समय लग सकता है। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा - योगी के मुंह में राम है और बगल में छुरी है। बांटने वाले भी वो ही हैं और काटने वाले भी वो ही हैं। खड़गे ने कहा- इन्होंने हजारों साल पहले मनुस्मृति में बांटा और तब से काटते आ रहे हैं। मोदी यदि बोलते हैं कि एक हैं तो सेफ हैं तो मनुस्मृति को जलाना होगा।

## झारखंड के लिए उड़े सीएम, जल्द निवेश के लिए विदेश जाएंगे



**भोपाल।** मुख्यमंत्री मोहन यादव इन दिनों मप्र के दो क्षेत्रों में उपचुनाव और झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रचार में व्यस्त हैं। इस सिलसिले में आज उन्होंने फिर झारखंड के लिए उडान भरी लेकिन जल्द ही वे विदेशी दौर पर निकलने वाले हैं। बताया जाता है कि वे अमेरिका से लेकर जर्मनी तक कई देशों की सात दिन की यात्रा करेंगे और निवेशकों से बात कर उन्हें ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिये आंमंत्रित करेंगे। इस बीच आज सुबह यादव ने कहा कि मप्र के संतुलित औद्योगिक विकास के लिए संभाग स्तर पर रीजनल इंडस्ट्रीयल कॉक्लेव के क्रम में 7 दिसम्बर को नर्मदापुरम में सभी सेक्टर के लोगों को आमंत्रित किया गया है। आईटी, हेल्थ, एजुकेशन, टूरिज्म, भारी उद्योग, एमएसएमई, लघु कुटीर उद्योग सहित सभी प्रकार के उद्योग धंधों के माध्यम से राज्य के लोगों के लिए अधिक से अधिक रोजगार के अवसर सृजित किए जा रहे हैं। फिर फरवरी में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट की तैयारी के क्रम में इसी माह मैं विदेश भी जाने वाला हूँ। बेहतर आर्थिक वातावरण बने, लोगों को रोजगार के बेहतर अवसर मिलें तथा उन्हें रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़े, इस दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इधर यादव आज झारखण्ड प्रदेश के चुनाव प्रचार के लिये पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री सबसे पहले दुमका जिले के पोरयाहत विधानसभा स्थित सरैयाहाट के चंपाग? मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे हैं इसके बाद वे देवघर जिले के सारथ विधानसभा के फूलचुआ मैदान एवं मोहनपुर के हटिया मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

### भाजपा सांसद का अजब बयान

## बच्चे भी ऑनलाइन पैदा होंगे

**रीवा, एजेंसी**



भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा अब फिर अपने एक बयान को लेकर चर्चा में हैं। रीवा इंजीनियरिंग कॉलेज की गोल्डन जुबली मौके पर उन्होंने कहा कि 60 साल बाद पति-पत्नी के रिश्ते इस हद तक मोबाइल पर केंद्रित हो जाएंगे कि बच्चे भी ऑनलाइन पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि %फिर ये बच्चे स्टील के होंगे या फिर मांस और हड्डी के सांसद का यह बयान सुनकर समारोह में मौजूद छात्र-छात्राओं और इंजीनियरों ने ठहाके लगाए। सांसद ने कहा कि आप लोग इस पर विचार करें। क्योंकि लोग कहते हैं कि पति और पत्नी एक बिस्तर में लेटते हैं तो एक का मुंह दक्षिण की ओर होता है, एक का उत्तर की ओर होता है. वे मोबाइल से मोहब्बत करके उसीमें आहें भरते हैं। ये आपका बनाया हुआ यंत्र है, जिसने पति-पत्नी को एक दूसरे के सामने मुंह करने की बजाय एक-दूसरे के विपरीत दिशा में मुंह कर दिया. मिश्र ने कहा कि मैं सोच रहा था कि अब शादियां भी ऑनलाइन होने लगी हैं. अब पचास साठ साल बाद बच्चे भी ऑनलाइन पैदा होंगे। उल्लेखनीय है कि जनार्दन मिश्रा अपने बयानों से पहले भी सुर्खियों में रहे हैं। उन्होंने एक आईएएस को गाड़ देने की धमकी दी थी।

## पॉइंट्समैन की दर्दनाक मौत रेलवे ने गफलत को बताया जिम्मेदार

**पटना, एजेंसी**

बिहार के बरौनी जंक्शन पर शंटिंग के दौरान एक प्वाइंट्समैन की दर्दनाक मौत के बाद अब रेलवे की प्राथमिक जांच रिपोर्ट में इस हादसे की वजह दो रेलकर्मियों के बीच सही तालमेल न होना बताया गया है। हादसा कल हुआ था, जब इंजन और बोगी को अलग करने के दौरान शंटिंगमैन अमर कुमार बीच में फंस गए और दबने से मौत हो गई। इस घटना की तस्वीर वायरल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि शंटिंगमैन अमर कुमार और मोहम्मद सुलेमान के बीच सही तालमेल नहीं हुआ। सुलेमान ने इंजन ड्राइवर को गलत मैसेज दिया और अमर कुमार को जान गंवानी पड़ी। जबकि सुलेमान ने लिखित बयान में इंजन ड्राइवर को जिम्मेदार कहा और बताया मैंने और अमर ने कपलर को हटाकर इंजन और बोगी को अलग कर दिया था, लेकिन इसके बाद अचानक इंजन पीछे की ओर आ गया, जबकि मैंने ड्राइवर को कोई इशारा नहीं दिया था, फिर भी उसने रिवर्स कर दिया।

### मशहूर अभिनेता दिल्ली गणेश का निधन

**चैन्नई।** तमिल फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर एक्टर दिल्ली गणेश का आज निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि वो लंबे समय से बढ़ती उम्र की वजह से कई हेल्थ इश्यूज से जूझ रहे थे। लेकिन तड़के 80 की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार आज हो रहा है। उन्होंने 400 से ज्यादा तमिल, तेलुगू और मलयालम फिल्मों में काम किया था।

## ट्रंप की जीत के बाद से मस्क पर बरस रहा पैसा

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की जीत दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क पर पैसों की बरसात करा रही है। रोज उनकी नेटवर्थ में जोरदार उछाल आ रहा है और इसके चलते मस्क की नेटवर्थ 300 अरब डॉलर के पार पहुंच गई है। बीते 24 घंटे में मस्क की संपत्ति 17.4 अरब डॉलर या करीब 1.46 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ी। मस्क की नेटवर्थ ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक, 17.4 अरब डॉलर के ताजा उछाल के बाद 314 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंची है। ट्रंप की जीत होने के अगले दिन ही मस्क की नेटवर्थ में 2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई। एलन मस्क की नेटवर्थ में इस उछाल के पीछे सबसे बड़ा हाथ उनकी इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के शेयरों का है जो तूफानी तेजी के भाग रहे हैं। 5 दिनों में ही इसमें 31.46 फीसदी का उछाल है। इसके एक शेयर की कीमत इस अवधि में 76.88 डॉलर या करीब 6,487 रुपये तक बढ़ गई है।






**मेट्रो एंकर**

### कई महीनों से अंतरिक्ष में फंसी हुई हैं भारतीय मूल की एस्ट्रोनॉट

# स्पेस में सुनीता विलियम्स की बिगड़ी हालत! नई तस्वीर के सामने आने से टेंशन में लोग

**वाशिंगटन, एजेंसी**

भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और उनके साथ विल्मोर बुच को अंतरिक्ष में फंसे हुए कई महीने हो गए हैं। अब सामने आई उनकी ताजा तस्वीर लोगों को परेशान कर रही है। ज्ञात हो दोनों अंतरिक्ष यात्री हफ्तेभर के लिए जून में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे थे, लेकिन यान में तकनीकी दिक्कत की वजह से अब दोनों अगले साल फरवरी में ही वापस आ पाएंगे। इस बीच, सुनीता विलियम्स की कुछ तस्वीरें सामने आईं, जिसने वैज्ञानिकों समेत दुनियाभर के लोगों को चिंता में डाल दिया। तस्वीरें देखकर लगता है कि सुनीता का वजन काफी कम हो गया है और उनके गाल भी धंस से गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इसके पीछे एक्सपर्ट्स तर्क दे रहे हैं कि यह अंतरिक्ष में होने वाली यात्रियों को आम समस्या है। हो सकता हो कि जितनी कैलोरी सुनीता विलियम्स रोजाना ले रही हों, उससे ज्यादा बर्न कर रही हों। विलियम्स की तस्वीरों पर अब नासा की भी प्रतिक्रिया सामने आ गई है। हाल ही में आई रिपोर्टों के जवाब में, नासा के अंतरिक्ष



संचालन मिशन निदेशालय के प्रवक्ता जिमी रसेल ने स्पष्ट किया, इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर सवार सभी नासा अंतरिक्ष यात्रियों के नियमित टेस्ट किए जाते हैं। उनकी निगरानी समर्पित सर्जनों द्वारा की जाती है। सभी एस्ट्रोनॉट्स अच्छे स्वास्थ्य में हैं।

दरअसल, 5 नवंबर को, चार क्रू-8 अंतरिक्ष यात्रियों, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 200 से अधिक दिन बिताए थे, को पृथ्वी पर लौटने के बाद चेकअप के लिए भेजा गया था। वे 25 अक्टूबर को स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल के जरिए से फ्लोरिडा में उतरे थे। नासा ने पुष्टि की कि एक अंतरिक्ष यात्री को शुरू में चिकित्सा की आवश्यकता थी, और कुछ ही समय बाद सभी चालक दल के सदस्यों को निगरानी के लिए अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद अंतरिक्ष यात्रियों को वहां एडमिट भी करवाना पड़ा था। इसी वजह से सुनीता विलियम्स और विल्मोर बुच को लेकर चिंताएं बढ़ी हुई हैं।

### ऊंचाई का दबाव

नासा के अलावा सुनीता विलियम्स की सेहत को लेकर सिएटल स्थित पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. विनय गुप्ता के भी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने डेलीमेल डॉट कॉम से कहा था कि यह तस्वीर बताती है कि यह ऐसे व्यक्ति की है जो मुझे लगता है कि लंबे समय तक बहुत अधिक ऊंचाई पर, यहां तक कि दबाव वाले केबिन में रहने की वजह से प्राकृतिक तनाव का अनुभव कर रहा है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि उनके गाल थोड़े धंसे हुए दिखाई दे रहे हैं और आमतौर पर ऐसा तब होता है जब आपके शरीर का कुल वजन कम हो जाता है।卐 डॉ. गुप्ता ने पाया कि अंतरिक्ष यात्री के धंसे हुए गालों का मतलब है कि वे कुछ समय से कम खा रहे थे।

# बोनसाई और गार्डनिंग पर प्रदर्शनी लगी



भोपाल, दोपहर मेट्रो। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में ग्रीन वेव्स फाऊडेन द्वारा बोनसाई एवं गार्डनिंग पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।



## भोज एयरपोर्ट पर लैंडिंग सिस्टम हुआ अपडेट, परीक्षण उड़ान भी हुई कामयाब

# अब 350 मीटर दृश्यता पर भी होगी भोपाल में लैंडिंग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी का राजा भोज एयरपोर्ट कई नई सुविधाओं से सुसज्जित होता जा रहा है। यहां से उडानों की संख्या भी बढने वाली है और अब खराब मौसम में भी यहां विमान लैंड हो सकेंगे। अब तक यह हो रहा था कि सर्दी एवं कोहरे के कारण अक्सर विमानों को पास के एयरपोर्ट पर डायवर्ट करना पड़ता था। लेकिन अब एयरपोर्ट अथॉरिटी ने आईएलएस यानि इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम को अपग्रेड कर दिया है। नया केटेगरी-दो सिस्टम स्थापित कर दिया गया है। हाल में इसका हवाई परीक्षण भी कर लिया गया है। बताया जाता है कि विशेष विमान से हुए लैंडिंग परीक्षण में सिस्टम अपने मापदंड के अनुरूप पाया गया। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने सितंबर माह में सिस्टम को अपग्रेड कर ग्राउंड टेस्टिंग की थी। अब तीन दिन पहले दिल्ली से अथॉरिटी का विशेष सर्विस एयरक्राफ्ट भोपाल पहुंचा। इस विमान ने नए सिस्टम एवं नेविगेशन प्रणाली का परीक्षण किया। गौरतलब है कि पिछले दिनों एयरपोर्ट पर स्वचलित मौसम अवलोकन प्रणाली (एडब्ल्यूओएस) भी स्थापित की गई थी। इसकी स्थापना से मौसम खराब होने पर पायलटों को तत्काल कोहरे, वर्षा या आंधी चलने की जानकारी मिल जाती है। सुरक्षित लैंडिंग में मदद मिलती है।




### आरवीआर सिस्टम भी लगा

जानकारी के मुताबिक परीक्षण उडान के दौरान विमान में चार सदस्यीय विशेषज्ञ टीम सवार थी। एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी ने बताया कि परीक्षण सफल रहा है। एयरपोर्ट पर पहले से केटगेरी-एक सिस्टम के साथ रनवे विजुअल रेंज (आरवीआर) भी लगा है। इसकी मदद से रन-वे पर लगी लाइटिंग की मदद से 550 मीटर तक दृश्यता होने पर विमान लैंड हो जाते हैं। सिस्टम अपग्रेड होने के बाद 350 मीटर तक दृश्यता होने पर भी विमान आसानी से लैंड हो सकेंगे।

### डीजीसीए से अनुमति का इंतजार

परीक्षण रिपोर्ट अब नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को भेजी जा रही है। डीजीसीए से औपचारिक अनुमति मिलने के बाद नया सिस्टम काम करने लगेगा। आमतौर पर दिसंबर से फरवरी माह के बीच घने कोहरे के कारण उड़ानें लेट होती हैं। कई बार उन्हें डायवर्ट करना पड़ता है। अब इसमें कमी आएगी। 350 मीटर से कम दृश्यता होने पर ही उड़ानें भोपाल के बजाए अन्य समीपस्थ एयरपोर्ट पर डायवर्ट करने की जरूरत होगी।

## राजधानी से गोवा के लिए 5 दिन उड़ान फिर शुरू होगी

### पौने दो घंटे में पहुंचेंगे गोवा

**भोपाल।** अब फिर भोपाल से गोवा का हवाई संपर्क जुडने रहा है। इंडिगो ने एक दिसंबर से भोपाल-गोवा उड़ान शुरू करने का निर्णय लिया है। इस रूट पर 180 सीटों वाला बोइंग विमान चलाया जाएगा। भोपाल से गोवा तक का सफर एक घंटा 50 मिनट में पूरा होगा। इंडिगो ने मई 2023 में पहली बार भोपाल से गोवा तक सीधी उड़ान शुरू की थी, लेकिन करीब छह माह बाद ही इसे बंद कर दिया गया। सीधी उड़ान बंद होने से यात्रियों को वाया मुंबई जाना पड़ रहा था। एक दिसंबर से गोवा का हवाई कनेक्शन फिर से जुड़ जाएगा। अब प्रस्तावित उड़ान शनिवार को छोड़कर सप्ताह के बाकी छह दिन चलेगी। इसका शेड्यूल भी पैसेंजर फ्रेंडली है। नई उड़ान गोवा के डाबोलिम एयरपोर्ट से संचालित होगी। कंपनी ने शुरुआती किराया पांच से साढ़े पांच हजार रुपये तय किया है। इंडिगो ने विंटर शेड्यूल में गोवा के अलावा कोलकाता उड़ान के लिए भी स्लॉट लिया था, लेकिन इसकी बुकिंग शुरू नहीं हुई है। भोपल से दोपहर 3.20 पर गोवा की फ्लाइट चलेगी और पांच बजे पहुंचेगी। जबकि दोपहर 1 बजे गोवा से चलकर 2.50 पर भोपाल आयेगी।

**बेंगलुरु, हैदराबाद तक बढ़ेंगी उड़ाने:** एयर इंडिया की सहयोगी कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस ने भी भोपाल से उड़ानें शुरू करने की तैयारी की है। कंपनी बेंगलुरु एवं हैदराबाद उड़ान के साथ ही इसकी शुरुआत कर सकती है। कंपनी ने दिल्ली एवं मुंबई के लिए भी स्लॉट लिया है। यह उड़ानें शुरू हुईं तो यात्रियों को कम किराये में सीटें मिल सकती हैं। एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी के अनुसार एआई एक्सप्रेस को कार्यालय के लिए जगह आवंटित कर दी गई हैं।

## स्टेशन पर वाटर वेंडिंग मशीनें बंद पानी को तरसे यात्री

**भोपाल।** दिवाली और छठ पूजा के समापन के बाद अब घर वापस लौटने वाली भीड़ ट्रेनों में उमड़ रही है। इधर भोपाल स्टेशन पर 5 रुपए में मिनरल वॉटर उपलब्ध कराने वाली 12 वाटर वेंडिंग मशीन बंद हो गई हैं जिसके चलते यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। भोपाल रेल मंडल ने दावा किया है कि जल्द ही मशीनों के लिए नई निविदा निकाली जा रही है। अगले एक हफ्ते के अंदर यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। यात्रियों की असुविधा को दूर करने के लिए भोपाल रेल मंडल के अलग-अलग स्टेशनों पर वैकल्पिक इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि ट्रेन के प्लेटफार्म पर आने के बाद यात्रियों को सामान्य रूप से का जल की आपूर्ति की जा सके। यात्रियों की सुविधा और अंतिम समय में बची हुई सीटों में आरक्षण उपलब्ध कराने के लिए तत्काल विंडो सुविधा को पूर्व की तरह जारी रखा है। भोपाल रेल मंडल ने दावा किया है कि मंडल के सभी स्टेशन पर तत्काल आरक्षण सुविधा नियमित रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। किसी भी प्रकार से इस सुविधा को बाधित नहीं किया गया है। भोपाल रेल मंडल के अधिकारियों के अनुसार, मंडल के 8 स्टेशनों पर 43 मशीनें हैं।



## अन्नकूट के विजयवर्गीय समाज का दीपावली मिलन समारोह

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विजयवर्गीय महिला मंडल द्वारा समाज का दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट का आयोजन पूरे उत्साह और धूमधाम से किया गया। रविवार को लालघाटी क्षेत्र के नयापुरा में स्थित समाज के ही मांगलिक भवन में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में विजयवर्गीय समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में शामिल हो कर दीपावली मनाई और एक दूसरे को बधाई दी। आयोजन में कार्यक्रम की शुरूआत महाराज जी की आरती से हुई। इसके बाद छप्पन भोग लगाया गया।

बुजुर्गों का किया गया सम्मानरु विजयवर्गीय महिला मंडल भोपाल की अध्यक्ष श्रीमती मधु विजयवर्गीय और सचिव वैशाली विजयवर्गीय ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की तरह इस आयोजन में भी समाज के वृद्ध दंपत्तियों को सम्मानित किया गया।

## कोठारी बंधुओं की याद में बजरंगियों ने रक्तदान किया

### कार सेवा में बलिदान दिया था कोठारी बंधुओं ने

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें अयोध्या श्रीराम मंदिर अभियान के बलिदानी कोठारी बंधुओं की याद में रक्तदान किया। 1990 की कारसेवा में राजकुमार कोठारी एवं शरद कोठारी बंधुओ जिन्होंने हिंदू समाज के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी,उनकी स्मृति में बजरंग दल ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया, हमीदिया मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित शिविर में बजरंगियों एवं कई लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि कोठारी बंधुओं पर सनातनियों को हमेशा गर्व रहेगा। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अशोक सिंघाई, जिला मंत्री चंद्रप्रकाश सबनानी, जिला सह मंत्री जीतू कटारिया, जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र गुर्जर, जिला संयोजक गजेंद्र मेवाड़ा,जिला सह संयोजक पवन धाकड़ व अन्य बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## कशिश मेथवानी ने चौकचौंध वाले कॅरियर छोड़ चुना सेना को

### कंबाइड डिफेंस सर्विस परीक्षा में ऑल इंडिया सेकंड रेंक हासिल की

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

सिंधी समाज की कशिश मेथवानी ने सेना मे कमीशंड अफसर बनने के लिए कंबाइड डिफेंस सर्विस परीक्षा में ऑल इंडिया सेकंड रेंक प्राप्त की है। कशिश मिस इंडिया इंटरनेशनल की उपाधि की भी धारक है। भारत मे प्रथम रैंकिंग वाले शैक्षणिक संस्थान भारतीय विज्ञान संस्थान बंगलौर से न्यूरोसाइंस मे पोस्ट ग्रेजुएट है। बेहतरीन बास्केट बॉल खिलाड़ी है। अमेरिका की हार्वर्ड विश्वविद्यालय ने कशिश को पीएचडी के लिए नामित किया है। लेकिन कशिश ने मॉडलिंग/सिने जगत के चकाचौंध करने वाले कॅरियर और अमेरिकन विश्वविद्यालय के प्रस्ताव की जगह सेना में कमीशंड अफसर बनने का



कॅरियर चुना है। कशिश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेस्ट ऑल इंडिया एनसीसी कैडिट का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। कशिश डॉ गुरूमुख मेथवानी की बेटी है। सेवानिवृत्त कर्नल नारायण पारवानी ने कहा है कि पूर्व सैन्य अधिकारी (वैटरन) और सिंधी होने के नाते मेरे लिए कशिश की उपलब्धि मेरे लिए डबल खुशी देने वाली है।

**मेट्रो एंकर**

### संस्कार विद्यालय में ध्यान शिविर का आयोजन

## योग, ध्यान से अच्छा रहता है आसपास का वातावरण: अमरिश

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संस्कार विद्यालय में ध्यान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ध्यान योग के बारे में अमरिश गोस्वामी ने बच्चों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को बताया। कार्यक्रम की शुरूआत में संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि ध्यान योग से हमारे अन्दर मानसिक एवं शारिरिक विकास होता है हम चाहते है कि गोस्वामी जी प्रत्येक माह हमारे विद्यालय में उपस्थित होकर ध्यान योग के महत्व के बारे में जानकारी दें। गोस्वामी ने बताया कि ध्यान योग करने से हम अपने अन्दर व्यक्तित्व का विकास कर सकते है, ध्यान करने से एक्रागता बढ़ती है और सूर्य नमस्कार करने से हमारे अन्दर शक्ति का विकास होता है। देश हो या विदेश सभी जगह लोग योग करते है, योग और ध्यान करने से हमारे आसपास का वातावरण भी अच्छा रहता है। उन्होंने बताया कि मैं 13 साल से इस क्षेत्र में काम कर रहा हूं और में कई स्कूलों में ध्यान शिविर का अयोजन कर चुका हूं। उन्होंने कहा कि कोई भी अच्छी आदत अभ्यास से बनती है फिर वह लगातार करने से हमारे संस्कार बन जाती है, इसी के साथ उन्होंने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को संकल्प दिलवाया कि हम प्रतिदिन ध्यान करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मिश्रा, उपप्रचार्या मीनल नरयानी, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं थी।



## कैडेवर डोनेशन से पहली बार हुआ सरकारी अस्पताल में किडनी ट्रांसप्लांट

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

एम्स राजधानी का पहला और संभवत प्रदेश का भी पहला सरकारी अस्पताल है, जहां कैडेवर डोनेशन से मिली किडनी का मरीज में सफलतापूर्वक प्रत्यारोपण किया गया है। दरअसल, लाइव डोनर की अपेक्षा ब्रेन डेड मरीज (कैडेवर) से मिली किडनी का प्रत्यारोपण बेहद मुश्किल माना जाता है। यही कारण है कि कई अस्पताल इस दिशा में अभी पीछे हैं। जिससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों में भी सस्ते दाम में किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा मिलने की राह खुल गई है। एम्स के नेफ्रोलॉलिस्ट डॉ. महेन्द्र अटलानी के अनुसार केडेवरिक किडनी ट्रांसप्लांट काफी जटिल होता है। जहां, एक तरफ लाइव डोनर की लंबे समय तक जांच पड़ताल करने के बाद ही किडनी ली जाती है। ऐसे में दोनों मरीजों की काफी जानकारी हमारे पास होती है। वहीं, ब्रेन डेड मरीज के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं होती। इतना समय भी नहीं होता कि सभी टेस्ट करे जा सकें।

# तीन चरण में लागू होगी ई-ऑफिस वर्किंग पहला चरण मंत्रालय से शुरू होगा

## सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किए नए सिरे से निर्देश, चरणबद्ध तरीके से ई-ऑफिस कार्यप्रणाली को लागू करेगी सरकार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में ई-ऑफिस वर्किंग तीन चरणों में लागू होगी। पहला चरण मंत्रालय से 1 जनवरी 2025 को लागू हो जाएगा। पूरा काम ई-ऑफिस के नियमों के तहत होगा। कोई भी मैनुअली फाइलें नहीं चलेगी और न ही अधिकारियों के साथ कोई कर्मचारी फाइलों का बोझ लेकर दौड़ेंगा। डिवाइसों में ई–दस्तावेजों का आदान–प्रदान होगा। पुराने ढर्रे पर कुछ भी नहीं चलेगा। दूसरे चरण में संचालनालयों को ई-ऑफिस पर पूरी तरह शिफ्ट किया जाएगा और फिर तीसरा चरण जिलों के लिए होगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने ई-ऑफिस को लेकर नए सिरे से दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके पहले एक जनवरी से पूरे प्रदेश में उक्त व्यवस्था को लागू करने के निर्देश दिए थे। सामान्य प्रशासन की ओर से कहा गया है कि फाइलों की नस्तियां ई-ऑफिस पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में ही स्वीकार होंगी। एम्प्लाई मास्टर डाटा को अपडेट करा लें। यह काम सात कार्य दिवस में पूरा करें। जिन अधिकारी कर्मचारियों को ई-ऑफिस व्यवस्था समझने में असुविधा हो, वे स्वयं प्रशिक्षा प्राप्त करने की व्यवस्था को वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के जरिए सीख लें। दस्तावेजों की स्केनिंग का बाकी काम समय से पूरा कर लें। ई-ऑफिस संचालन की व्यवस्था में असुविधा महसूस



करने वाले अधिकारी, कर्मचारी एनआइसी की वरिष्ठ तकनीकी निदेशक सुचीता काक और एमपीएसईडीसी की सहायक संचालक माधवी सोनी से कार्यालयीन समय में संपर्क कर लें।

### विशेषज्ञों के मुताबिक ई–ऑफिस के कई फायदें होंगे

आमतौर पर कुछ अधिकारियों को छोड़ दें तो ज्यादातर के कार्यालयों में हमेशा फाइलों का गठ्ठा दिखाई देता है। ये वे फाइलें होती हैं, जो प्रदेश के विकास से जुड़ी होती है या फिर व्यक्तिगत प्रकरण भी होते हैं। फाइलें समय पर निपटा दी जाए तो जनकल्याण की भावना पूरी होती है यदि देरी हो जाए तो कई काम अटक जाते हैं। इसके लिए किसी की जिम्मेदारी भी तय नहीं है, क्योंकि वरिष्ठ अधिकारियों से नीचे के अधिकारी या कर्मचारी जवाब भी नहीं मांग सकते। अब ई-ऑफिस व्यवस्था में कौन सी फाइल कब से अटकी है, इसका रिकार्ड एक क्लिक में निकलेगा, कार्रवाही तय है। इसमें फायदा प्रदेश का होगा।

## पूर्व राष्ट्रपति को स्मृति चिन्ह



**भोपाल।** मप्र प्रवास पर आए पूर्व राष्ट्रपति डॉ रामनाथ कोविंद का मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राजभवन में स्वागत किया। पूर्व राष्ट्रपति डॉ कोविंद को मुख्यमंत्री ने राजा भोज की प्रतिमा स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की।

## कानूनों के प्रति जागरूक करने लगाई दौड़, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दिखाई हरी झंडी



**भोपाल।** 'राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस' के अवसर पर विधिक जागरूकता मैराथन दौड़ सह विधिक जागरूकता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज श्रीवास्तव ने दौड़ का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। जिला न्यायालय परिसर से विधिक जागरूकता मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि मैराथन दौड़ के माध्यम आमजन को कानूनों के प्रति जागरूक करना अपने आप में अनोखी पहल है। मैराथन दौड़ में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को नालसा के लोगों 'न्याय सबके लिए' वाली टोपी एवं टी-शर्ट निःशुल्क वितरित की गई। दौड़ में 450 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभागिता की गई। महिला वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः बुशरा, आयुन, सदब व श्रद्धा तिवारी रहीं। पुरुष वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः राकेश कुमार, हितेश कुमार, भूरा सोलंकी रहे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा ट्राफी व मेडल देकर पुरस्कृत किया गया।

**प्रदर्शनी का निरीक्षण किया:** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने विधिक जागरूकता प्रदर्शनी का शुभारंभ कर निरीक्षण किया। प्रदर्शनी में विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं एवं पिछले वर्षों में आयोजित विशिष्ट गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया था। जिला प्रशासन के समस्त विभागों ने भी अपने-अपने स्टॉल लगाकर प्रदेश शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के पम्पलेट वितरित कर जानकारी दी।

# खाद की उपलब्धता पर सियासी तकरार तेज, पटवारी बोले- किल्लत जबर्दस्त

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

खाद की आपूर्ति और कमी के आरोपों के बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि किसानों को खाद के लिए लाइनों में ख? रखने वाली और लाठियों से पिटवाने वाली भाजपा के अध्यक्ष वी.डी. शर्मा का यह कथन ठीक नहीं, कि कहीं भी खाद की किल्लत नहीं है। पटवारी ने कहा कि भाजपा के लोग 1200-1300-1700 और 2000 रूपयें तक में ब्लैक में खाद बेचते हैं और किसान खाद के लिए दर-दर भटक रहे हैं। इस मामले में भाजपा के मण्डल अध्यक्ष से लेकर ब्लाक अध्यक्षों तक के वीडियों भी सामने आयें हैं। महू हो, सेंधवा हों या सूबे में हर जगह स्थिति विकट है। बुधनी में ही खाद की



किल्लत है। भाजपा पिछली बार एक लाख आठ हजार से जीती थी, यदि खाद का वितरण सही होगा लोगों को समय पर सही दाम पर खाद मिल रहीं होगी तो इस बार एक लाख नौ हजार से जीतेगी लेकिन सच्चाई विपरीत है।

### आयोग को शिकायत

मप्र कांग्रेस चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जे.पी.धनोपिया ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को बुधनी विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत शासकीय खाद वितरण केन्द्र डबल लॉक वेहर हाउस ग्राम पंचायत लाकुई प्रभारी के विरूद्ध शिकायत प्रेषित कर आचार संहिता के उल्लंघन का प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की है। धनोपिया ने कहा कि प्रभारी द्वाराखुलकर शासकीय भवन का दुरूपयोग कर भारतीय जनता पार्टी का चुनाव प्रचार किया जा रहा है।

## 500 कंपनियों में इंटर्नशिप के लिए आवेदन का आज आखिरी दिन

**भोपाल।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत 500 नामी कंपनियों में इंटर्नशिप करने के इच्छुक युवाओं के लिए आवेदन करने का रविवार को आखिरी दिन होगा। उक्त् योजना में युवाओं को शीर्ष कंपनियों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। जिसके बाद युवा कौशल और रोजगार योग्यता के क्षेत्र में सशक्त बन सकेंगे। इसमें 12 माह की इंटर्नशिप होगी। योजना केन्द्रीय कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय की महत्त्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। युवाओं को इंटर्नशिप के दौरान उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण, नवीनतम तकनीक और प्रक्रियाओं के माध्यम से ज्ञान प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। यह योजना युवाओं को न सिर्फ कार्यकुशल बनाएगी साथ ही उन्हें भविष्य में रोजगार के अवसर प्राप्त करने में भी सहायता करेगी।




## विश्वभर में करीब 19000 प्रजातियों की तितलियां पाई जाती हैं वहीं भारत में प्रजाति विविधता 1500 से अधिक है। विश्व की 8.74 प्रतिशत तितलियां भारत में देखी जाती हैं...

तितलियों का जीवन

# रंग, रूप और हमारे छत के बाग



राहुल कुमार

**तितली एक प्रकार की खूबसूरत कीट है, इन्हें वर्गीकरण श्रेणियों में संघ आर्थोपोडा के लेपिडोप्टेरा गण में रखा गया है। इसी गण में निशाचर शलभ भी आती है।विश्वभर में करीब 19000 प्रजातियों की तितलियां पाई जाती हैं वहीं भारत में प्रजाति विविधता 1500 से अधिक है। विश्व की 8.74 त तितली भारत में देखी जाती हैं। तितलियों की संख्या में गिरावट आने का कारण होस्ट पौधें की गिरावट है। इनके रंग-विरंगे पंख इंसान को मंत्रमुग्ध कर लेने और तनाव को हर लेने के लिए काफी हैं**

वर्तमान में तितलियों के छः परिवार ज्ञात हैं जिनके नाम हैं- हैस्पेरिडी, लाइकेनिडी, निम्फालीडी, पपीलिओनिडी, पायरीडी, रियोडीनीडी। इनमें निम्फालीडी तितलियों का सबसे बड़ा परिवार है जिसमें 6000 से अधिक प्रजाति हैं।

एक अध्ययन में परागण करने वाले जीवों में कमी आने के कारण विश्वस्तर पर 4.7 प्रतिशत फलों और 3.2 प्रतिशत सब्जियों के उत्पादन में कमी देखने को मिली है। जलवायु परिवर्तन, आवास क्षति, प्रदूषण, कीटनाशक और खरपतवारनाशी का उपयोग तितलियों को भारी नुकसान पहुंचा रहा है। यह कॉमन ग्रास येलो तितली हमारे घर की तितली है। समझें नहीं? मतलब की यह तितली हमारे छत पर बने छोटे से तितली बाग में पली-बढ़ी है। अब भी कुछ लोग सोचेंगे कि भला ऐसा कैसे हो सकता है कि तितली को किसी बाग में पाला-पोषा जा सकता है।

इस रहस्य को जानने के लिए हमें तितली के जीवन और तितली बागवानी को समझना होगा। तितलियों का जीवन चक्र चार चरणों से होकर गुजरता है जिसमें अंडे से इल्ली निकलते हैं, जो पेटू की तरह पत्तियों को खाते हैं और अपने आकार को बढ़ाते हैं। तितलियां अपने अंडे प्रजाति विशेष मतलब हरेक तितली के प्रजाति का अपना पौधा होता है जिसपर वे अपने अंडे देती हैं और उस अंडे से निकला इल्ली या कैटरपिलर उस पौधे के पत्तियों को चट कर जाता है।तितलियों के अपने अंडे देने वाले पौधे को होस्ट पौधे कहते हैं। एक तितली के एक से अधिक होस्ट पौधे हो सकते हैं। ऐसा आपने भी देखा होगा खासकर आपके निम्बू के पत्तों पर हरे या काले-पीले रंग के ये नन्हें प्यारे शैतान दिख जाते हैं, जिसे आप कीड़ा समझकर उसे हटा देते हैं या कीटनाशक छिड़क कर मार देते हैं। सोचिए अब तक आपने कितनी तितलियों को मारा होगा? जबकि उसे बचाया जा सकता था और बचाया जाना भी चाहिए, क्योंकि तितलियों की संख्या में भारी गिरावट दर्ज की गई है।अंडे से इल्ली में रूपांतरित होने के बाद अब बारी आती है कि इल्ली (कैटरपिलर) खाना बंद करे और अपने अंगों का विकास करके खूबसूरत रंग-बिरंगे तितली का रूप ले, इसमें कुछ सप्ताह लगते हैं। इस प्रक्रिया में कैटरपिलर प्यूपा खोल में परिवर्तित हो जाते हैं और व्यस्क तितली के रूप में बाहर आ जाते हैं।

हमारे छत पर कई तितलियों के होस्ट पौधे हैं जिसपर तितलियां अंडे देने आती रहती हैं। हमारे छत एक पारिस्थितिकी तंत्र है यहां तितलियों के अलावा कई तरह के जीव भी हैं जैसे शिकारी मकड़ी, बीटल और टिड्डा आदि जो मिलीबग और तितलियों के अंडों का शिकार कर लेते हैं, बाबजूद जो अंडे बचकर इल्ली का रूप लेते हैं। हम उसे वहां से हटाकर एक डब्बे में रखकर उसका देखभाल और पालन पोषण करते हैं।डब्बे में वेंटिलेशन, चींटियों से सुरक्षा प्रदान करने के साथ के साथ इल्लियों को उसके होस्ट पौधे के पत्तियों को उपलब्ध कराना होता है जब तक कि वे प्यूपा के रूप में परिवर्तित ना हो जाएं।

एक दो सप्ताह में तितलियां अपने खोल तोड़कर डब्बे में दिख जाती हैं तो उसे छत पर प्राकृतिक आवास में आजाद कर देते हैं। इस कार्य में डब्बे में रोज एक बार जांच-पड़ताल करनी पड़ती है। यह बच्चों के लिए बहुत ही रोमांचक साबित होगा। इसे हम सभी को करना चाहिए। हमें तितलियों को खत्म होने से बचाना होगा क्योंकि यह परागण के द्वारा फूलों से परागण में मदद करती हैं, जिससे पौधों की वृद्धि और विकास होता है। यह कई तरह के शिकारी जीव जैसे छिपकली, गिरगिट और मेंढक का आहार बन पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखते हैं।तितली बागवानी बनाने के लिए हमें तितलियों के होस्ट और फूलों वाले पौधे का रोपण करना होगा। हम इसके लिए प्लास्टिक के डब्बों आदि का इस्तेमाल कर सकते हैं। सितंबर माह में तितलियों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पूरे माह तिलती माह के रूप में मनाया जाता है।

तितलियों का जीवनचक्र चार अवस्थाओं से होकर गुजरता है और कुछ ही हफ्तों में पूरा हो जाता है, पूरी प्रक्रिया को मेटामोरफोसिस कहते हैं। तितलियां गीली मिट्टी या गोबर से आवश्यक पोषक तत्व को ग्रहण करती हैं, इस प्रक्रिया को मड पडलिंग कहते हैं।

### भारत की सबसे बड़ी तितली

पपीलिओनिडी तितली सबसे बड़े आकार की होती हैं और इनके डैने से पीछे की ओर दो पूछनुमा संरचना निकली होती है इसलिए इन्हें स्वालोटेल भी कहा जाता है। बर्डविंग तितली भारत की सबसे बड़ी तितली है जो पपीलिओनिडी परिवार से संबंध रखती है। निम्फालीडी तितलियों का सबसे बड़ा परिवार है जिसमे 6000 से अधिक प्रजाति हैं, इनके पिछले पैर पर बाल जैसी संरचना होने के कारण इन्हें ब्रश पैर वाले तितली भी कहा जाता है।

लाइकेनिडी परिवार की तितलियां आकार में छोटी होती हैं और सामान्यतः इनका रंग नीला होता है इस कारण से इन्हें सामान्य भाषा मे ब्लू भी बोलते हैं। पायरीडी के सदस्यों को सामान्यतः व्हाइट एन्ड येलो कहा जाता है, इसका कारण है को इनके सदस्य सफेद या पीले-नारंगी रंग के होते हैं।हैस्पेरिडी को पूर्व में शलभ माना जाता था लेकिन इनके गुणधर्म तितलियों अधिक मेल खाते हैं जैसे की ये दिनचर होते हैं, आराम करते वक्त इनके डैने खड़े रहते हैं, फूलों से नेक्टर ग्रहण करने हेतु विकसित सूंड़ होते हैं। इन्हें सामान्यतः स्किपर कहा जाता है। रियोडीनीडी परिवार में जुड़ी शामिल हैं, इस परिवार में भारत में 16 प्रजाति पाए जाते हैं।

(साभार)

# छठ के अहसासों में विद्यमान रहेगी बिहार कोकिला

चेतनादित्य आलोक

**बिहार की प्रख्यात लोक गायिका शारदा सिन्हा का 5 नवंबर को देर शाम 72 साल की उम्र में निधन हो गया। आश्चर्य कि मूलतः छठ महापर्व के गीतों से प्रसिद्धि प्राप्त करने वाली शारदा सिन्हा का देहांत भी छठ के दौरान ही नहाय-खाय के दिन हुआ। बताया जाता है कि इसी वर्ष 21 सितंबर को 80 साल की आयु में ब्रेन हेमरेज से उनके पति ब्रज किशोर सिन्हा की मृत्यु हो जाने के बाद से ही शारदा सिन्हा बीमार रहने लगी थीं। बहरहाल, गीतों के माध्यम से अपने चाहने वालों के दिलों पर शारदा सिन्हा हमेशा राज करती रहेंगी। उनके निधन से भोजपुरी जगत में जो सूनापन पैदा हुआ है, वह कभी भरा नहीं जा सकता। चाहे विवाह का शुभ अवसर हो अथवा छठ महापर्व का, उनके गीतों के बिना सब कुछ अधूरा-सा प्रतीत होता है। संगीत की दुनिया में उनके अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें 'पद्मश्री' तथा 'पद्मभूषण' से सम्मानित किया गया था।**



शारदा सिन्हा को जानने वाले बताते हैं कि वह कलाकारों को बहुत सम्मान देती थीं। साथी कलाकारों के साथ वह प्रेमपूर्ण व्यवहार करती थीं। शारदा सिन्हा की इच्छा प्रारंभ में नर्तकी बनने की थी। उन्होंने एक नृत्य गुरु के समक्ष अपनी यह अभिलाषा प्रकट भी की थी, लेकिन नृत्य गुरु ने उन्हें गायन के क्षेत्र में अपना भाग्य आजमाने की राय दी। नृत्य गुरु ने तब उनसे कहा था कि उनकी आवाज में जो कशिश है, वह गायन में अद्भुत निखार लाएगी। उस नृत्य गुरु की बातों को शारदा सिन्हा ने सत्य साबित करते हुए गायन के क्षेत्र में अपना झंडा गाड़ दिया। अपनी आवाज का जादू बिखेरते हुए न केवल भोजपुरी, बल्कि मैथिली, मगही, बज्जिका, हिंदी आदि भाषाओं में भी अनेक प्रकार के लोकगीतों का गायन किया था। बताया जाता है कि करिअर के शुरुआती दौर में एक बार उन्हें 'प्रयाग संगीत समिति' के आयोजन 'बसंत महोत्सव' में अपना हुनर दिखाने का जब अवसर मिला, तब प्रयाग में आयोजित उक्त कार्यक्रम में उन्होंने अपनी गायकी से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया था। एक गायिका के रूप में उन्होंने आंचलिक लोक-संगीत को एक नया आयाम दिया। लोकप्रिय गायिका शारदा सिन्हा 'बिहार कोकिला' के रूप में विख्यात रही हैं। उनका जन्म 1 अक्तूबर, 1952 को बिहार के सुपौल जिलांतर्गत हुलास गांव में हुआ था। बचपन से ही घर में संगीत का माहौल होने के कारण उनका रुझान गीत-संगीत की ओर हो गया था। बाद में जब उनका विवाह बेगूसराय जिला स्थित सिहमा गांव के मैथिली भाषा-भाषी ब्रज किशोर सिन्हा से हुई, तो वहां उन्हें मैथिली लोकगीतों को सुनने का अवसर मिला। मायके और ससुराल दोनों जगहों पर संगीतमय माहौल होने के कारण संगीत के सुरों के प्रति उनका लगाव और गहरा होता चला गया। वैसे उन्होंने स्व. पं. सीताराम से गुरु-शिष्य परंपरानुसार शास्त्रीय संगीत की शिक्षा भी प्राप्त की थी। उनकी गायकी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उसमें फूहड़पन का नामोनिशान नहीं है।

हालांकि, वह अपने कैरियर के आरंभ में मैथिली लोकगीत गाती थीं, लेकिन शीघ्र ही जब उन्हें भोजपुरी में अपना हुनर दिखाने का अवसर मिला तो उन्होंने भोजपुरी में अपना नाम रोशन करने में देर नहीं लगाई। वहीं, उन्होंने बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों के लिए भी कई गीत गाए, लेकिन उनको वास्तविक पहचान तो छठ गीतों से ही मिली। टी-सीरीज, टिप्स एवं एचएमवी सहित कई बड़ी और नामचीन संगीत कंपनियों के लिए उन्होंने गीत गाए। इन कंपनियों के कुल नौ एल्बमों के लिए उन्होंने 60 से भी अधिक छठ गीत गाए। बिहार कोकिला के रूप में विख्यात शारदा सिन्हा ने अपने पूरे कैरियर में बॉलीवुड की फिल्मों के लिए भी कई गीत गाए थे। इनमें 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के लिए 'तार बिजली से पतले' और 'हम आपके हैं कौन' के लिए 'बाबुल जो तुमसे पाया' तथा 'मैंने प्यार किया' के लिए 'कहे तोसे सजना' जैसे यादगार गीतों को अपने सुरों से सजाया, जो संगीत के क्षेत्र में उनकी दीवानगी और ऊंचाई को दिखाते हैं।

'महिमा बा राउर अपार छठी मैयाज्!' भोजपुरी भाषा का यह अत्यंत लोकप्रिय छठ गीत शारदा सिन्हा ने 2003 में गाया था। इसके अलावा 2003 में ही उन्होंने मैथिली भाषा में इस गीत को भी गाया था- 'सकल जगतारिणी हे छठी मैयाज्!' इसी प्रकार, 'पहिले-पहिले हम कईनी, छठ मैया, बरत तोहारज्' गीत उन्होंने 2016 में गाया था, जिसने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात कर दिया। बताया जाता है कि इसी गीत ने देश के अतिरिक्त विदेशों में बसे भारतवंशी युवाओं को छठ महापर्व की महत्वपूर्ण परंपराओं से जोड़ने कार्य किया था। उनका एक और लोकप्रिय छठ गीत 'हो दीनानाथज्' 1986 में जारी हुआ था, जिसने श्रद्धालुओं को भक्ति में सराबोर करने में कभी कोई कसर नहीं छोड़ी। ऐसे ही, 'केलवा के पात पर उगलन सूरजमल झुके झुकेज्' गीत को भी उन्होंने 1986 में ही गाया था। छठ गीतों की तरह ही शारदा सिन्हा के विवाह गीत भी काफी लोकप्रिय रहे हैं। देखा जाए तो उन्होंने बेटी की विदाई के दर्द को इतनी खूबसूरती से अपने गीतों में उतारा है कि प्रायः यह गीत प्रत्येक विवाह में बजाया ही जाता है। 'बाबुल का घर छोड़करज्' गीत लोगों को इतना भावुक करने वाला है कि दुल्हन की विदाई के समय प्रायः इसे सुनकर हर व्यक्ति की आंखें नम हो जाती हैं। इसके विपरीत विवाह के अवसर पर हंसी-ठिठोली से भरपूर गीत 'सांवर-सांवर सुरतिया तोहार दुल्हाज्' में दुल्हन की सखियां दूल्हे की खिंचाई करती हैं।

इस गीत की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसके बोल और भाव अत्यंत मधुर होने के कारण यह लोगों के दिलों में रच-बस चुका है। इसी प्रकार, 'शिव से गौरी ना बियाहबज्' गीत भी विवाह के मौके पर दूल्हे की खिंचाई करते हुए दुल्हन पक्ष की महिलाएं गाती हैं। इसके अलावा 1977 में गाया गया 'दूल्हा धीरे-धीरे चलियोज्' मंडप में दूल्हे के प्रवेश के समय गाया-बजाया जाने वाला एक लोकप्रिय गीत है।

साभार

### आखिर प्रशासन को इसके खिलाफ कार्रवाई करने में क्यों हो रही है परेशानी?

# नर्मदापुरम सहित आसपास में अवैध शराब का जानलेवा कारोबार जारी

- नर्मदापुरम विधायक कलेक्टर से लगा चुके हैं लिखित में गुहार
- मऊगंज के विधायक भी एस पी के सामने हो चुके हैं दंडवत




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश में जिस तरह अवैध शराब का कारोबार कई जिलों में बे-रोकटोक चल रहा है उसे देखकर लगता है कि प्रदेश में सरकार जनता के दुख दर्द को लेकर कितनी सक्रिय है. एक और तो सरकार गरीबों के दुख दर्द मिटाने की बातें करती है वहीं दूसरी ओर गरीबों को और भी गरीबी की ओर धकेलने का प्रयास किया जा रहा है. प्रदेश भर में अवैध रूप से बिकने वाली शराब कई जगह जानलेवा भी साबित हो रही है क्योंकि इस अवैध शराब को लेकर किसी प्रकार की कारवाई किया जाना किसी के भी हाथ में नहीं है. लाइसेंसी दुकानों पर मिलने वाली शराब में यदि किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो सकती है लेकिन जो गैर कानूनी रूप से चोरी चुपके से शराब बेची जा रही है उससे यदि किसी व्यक्ति की जान माल को खतरा होता है तो उसको लेकर कार्रवाई होना संभव नहीं है.हैरानी की बात तो यह है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जिन धार्मिक स्थान पर एवं नर्मदा नदी के किनारे स्थित शहरों से पूर्ण रूप से शराब की दुकान हटाने का निर्णय लिया गया था वहां से दुकान तो हट गई है लेकिन उन शहरों में अवैध रूप से जिस तरह शराब का धंधा चल रहा है उससे एक बात तो स्पष्ट होती है कि इन धार्मिक स्थानों से शराब दुकान हटाने के पीछे शायद यही मंशा रही होगी कि पवित्रा बनी रहे, मगर यहां पहले से अधिक बिक्री हो रही है।

> यहां एक बात स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि प्रदेश में अवैध रूप से बिक् रही शराब के प्रति कार्रवाई न होना सबसे बड़ा कारण यह भी है कि सत्ता में बैठे कुछ लोग भी शराब माफिया का काम कर रहे हैं. कुछ नेताओं के रिश्तेदार के नाम पर शराब की दुकानें आवंटित है तो कुछ नेता अप्रत्यक्ष रूप से शराब के कारोबार से जुड़े हुए हैं. यही वजह है कि प्रदेश घर में अवैध शराब का कारोबार धड़ल्ले से जारी है. दिन के उजाले में जनता के हमदर्द बनने का तमगा लगाए घूम रहे यह नेता लोग रात के अंधेरे में किस तरह के गुल खिला रहे हैं यह बात इस शराब के अवैध कारोबार को देखकर कही जा सकती है. ऐसा भी नहीं है कि सत्ता के पक्ष में बैठे हुए सभी नेता इस कारोबार के पक्ष में है बल्कि भाजपा के कुछ विधायक तो इसके विरोध पर भी उतारू है. नर्मदापुरम विधायक डॉक्टर सीताशरण शर्मा द्वारा कलेक्टर को पत्र लिखकर अबैध शराब के इस कारोबार पर नियंत्रण करने की गुहार लगाई जा चुकी है प्रदेश के एक अन्य विधायक मऊगंज के प्रदीप द्वारा भी पुलिस अधीक्षक के सामने साष्टांग दंडवत होकर इस अबैध कारोबार को बंद करने के लिए जनता के भले के लिए निवेदन कर चुके हैं. इसके बावजूद भी इन दोनों जिलों में भी अभी अबैध शराब का कारोबार बंद नहीं हुआ है.

#### कोई बताने को तैयार नहीं कि कहां से आ रही है अबैध शराब

जिन जिलों में अवैध शराब का व्यवसाय जारी है वहां के अधिकारी गण यह नहीं बता पा रहे हैं कि यह शराब की आमद कहां से हो रही है. अलबत्ता जब कभी भी प्रशासनिक कसावट के लिए अवैध शराब बिक्री करने वालों पर धर पकड़ की जाती है तो कुछ दहाड़ी किस्म के मजदूर जो चंद रूपयों के लिए शराब की अबैध बिक्री कारोबार से जुड़े हैं. केवल इन्हीं लोगों को पकड़कर इन पर प्रकरण बना दिए जाते हैं जबकि यह लोग इतने सक्षम नहीं है कि शराब के व्यवसाय के लिए कहीं से शराब लाकर अवैध रूप में बेच सके बल्कि यह मजदूर किस्म के लोग तो कुछ कमीशन के लोभ में पड़कर इस गलत कारोबार को कर रहे हैं इस कारोबार को चलाने वाला मास्टरमाइंड कौन है यह बताने के लिए कोई भी अधिकारी तैयार नहीं है. जबकि इन अधिकारियों को पता है कि शराब की बिक्री कहां से हो रही है. या तो लाइसेंसी ठेकेदारों द्वारा यह शराब बिकवाई जा रही है या फिर अन्य जिले से लाकर यह शराब का धंधा जारी है. इस अवैध शराब के कारोबार के बढ़ने से कई जगह तो शराब का निर्माण भी शुरू हो गया है. और घर में ही शराब को सील पैक करके इस अवैध कारोबार के साथ जोड़ दिया गया है. लाइसेंसी ठेके पर मिलने वाली शराब और यह घर में सील पैक होने वाली शराब बिल्कुल हू-बहू एक जैसी दिखाई देती है.

नर्मदापुरम जिला संभाग का मुख्यालय है लेकिन यहां जिस जिला आबकारी अधिकारी को शासन ने पदस्थ कर रखा है वह सहायक आबकारी अधिकारी है. जबकि यहां फुल फ्लैश जिला आबकारी अधिकारी की नियुक्ति होना था. अवैध शराब के कारोबार को गति देने में उच्च अधिकारियों की भूमिकाएं भी हो सकती है. जिले में यदि निष्ठावान अधिकारी पदस्थ होते रहे तो कुछ हद तक अवैध कारोबार को विराम लगाया जा सकता है.

#### नर्मदापुरम जिले में नियम विरुद्व तरीके से चल रही है शराब दुकानें

शासन की गाइडलाइन के अनुसार जिस तरह शराब की दुकान की स्थापना होनी चाहिए उस गाइडलाइन को दरकिनार कर नर्मदापुरम जिले में मनमाने तरीके से शराब की दुकान चल रही है. शासन की गाइडलाइन के अनुसार नेशनल हाईवे से 500 मीटर की दूरी पर शराब की दुकान स्थापित होना चाहिए और राजमार्ग से कम से कम 100 मीटर की दूरी पर शराब की दुकान स्थापित होना चाहिए. लेकिन इस गाइडलाइन का पालन नहीं किया जा रहा है. नेशनल हाईवे 69 ग्राम सुखतवा के पास देसी विदेशी शराब की दुकाने सड़क के बिल्कुल किनारे से लगी हुई है. जबकि इनको गाइडलाइन के अनुसार 500 मीटर अथवा 100 मीटर की दूरी पर स्थापित किया जाना चाहिए था. इतना सब कुछ होने के बावजूद भी जिला प्रशासन कुछ भी नहीं कर रहा है. नर्मदा पुरम से पिपरिया की ओर जाने वाले राजमार्ग पर भी रायपुर ग्राम सीमा से लगे मुख्य सड़क के किनारे शराब की दुकान चल रही है इस पर भी गाइडलाइन का पालन नहीं किया जा रहा है. वैसे तो यह दुकान नर्मदा नदी के किनारे से 5 किलोमीटर की दूरी के अंतर्गत है लेकिन इसको अभी तक नहीं हटाया गया है. जबकि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नर्मदा किनारे से 5 किलोमीटर की दूरी पर लगी रहने वाली शराब दुकानों को शक्ति से हटाने की निर्देश दिए थे. ऐसे और भी कई स्थान है जो नियम विरुद्ध तरीके से शराब की दुकान को स्थापित करने की और इशारा कर रहे हैं. क्या शासन को सिर्फ रेवेन्यू से मतलब है या उसका इरादा नियम कानून को कायम रखना भी है. यदि शासन का इरादा नियम कानून को कायम रखना है तो कानून के विरुद्ध काम होने वाली प्रक्रियाओं को रोका जाना चाहिए.

## आज आयोजन कर समर्पित होगा द्वारकाधीश को छप्पन भोग



**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

आज रविवार को श्री द्वारकाधीश मंदिर में गोवर्धन पूजन और छप्पन भोग समर्पण का विराट आयोजन होगा। ज्ञात रहे कि विगत कई सालों से यह परम्परा चल रही है। इस हेतु एक विशेष पद विहीन समिति प्रारंभ से ही बनी हुई है,जिसमें जिसमें लगातार सदस्य जुड़ते गए क्योंकि इस हेतु सिर्फ आर्थिक रूप से सहयोग देना ही जरूरी नहीं होता बल्कि कोई भी मंदिर से जुड़ा भक्त इस महोत्सव के किसी भी सेवा कार्य से जुड़ जाता है तो वह अपने आप इसका सदस्य बन जाता है। महोत्सव के मूल में ज्यादा से ज्यादा सेवा कार्य स्वयं भक्तों द्वारा करने की भाव परंपरा रही है। मंदिर को बाहर और भीतर से मनमोहक रूप से सजाया गया है। फूलों का विशेष श्रृंगार भी किया जा रहा है। पुरुषों और महिलाओं की पृथक पृथक कतारें रहेंगी,जिनसे होते हुए भक्तों को सिर्फ कुछ मिनट में ही पहले दर्शन और फिर भोजन प्रसादी बहुत सुगमता से प्राप्त हो सकेगी ऐसी हर संभव व्यवस्थाएं की जा रहीं हैं।

## राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु के प्रगटोत्सव पर निकाली शोभायात्रा



**नर्मदापुरम।** हैहय वंशीय क्षत्रिय कसेरा समाज द्वारा भगवान दत्तात्रेय के परम शिष्य सुदर्शन चक्रवतार परम प्रतापी राजाधिराज सप्तद्वीपेश्वर सम्राट माहिष्मति आराध्य देव राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु महाराज के प्रकटोत्सव (कार्तिक सप्तमी) को तीन सत्रों में धूमधाम व हर्षोल्लास से गरिमामयी रुप से मनाया गया ।प्रथम सत्र में सर्वप्रथम प्रातः 8 बजे मौरछली चौक स्थित कसेरा समाज के दुर्गा शंकर मंदिर में स्थापित सहस्त्रबाहु की विधिविधान से पं. अखिलेश भट्ट द्वारा पूजन अर्चन कर आरती उपरांत प्रसादी वितरण किया। द्वितीय सत्र में 11 बजे से सहस्त्रबाहु की शोभायात्रा निकाली गई। गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा मोरछली चौक, कसेरा बाजार, सराफा चौक , हलवाई चौक, अमरचौक, सतरस्ता, इंदिरा चौक होती हुई वापिस मोरछली चौक पर सम्पन्न हुई। चौक चोराहों पर बेंडबाजो की धुन पर बच्चे महिलाएं व पुरुषों ने नृत्य कर उत्साहित हुए. शोभा यात्रा के दौरान भगवान सहस्त्रबाहु के नारों को लेकर जय घोष भी होती रही ।नागरिकों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभा यात्रा के बाद सभी सामाजिक बंधुओं ने सामूहिक भोजन प्रसादी ग्रहण की ।

## वन ग्राम पहुंचे एसडीएम, विस्थापितों से की चर्चा

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**



शुक्रवार को विकासखंड केसला के ग्राम साधपुरा में समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ग्राम पंचायत भवन में आयोजित की गई। उक्त समीक्षा बैठक में ब्लॉक केसला के सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित हुए। अनुविभागीय अधिकारी टी प्रतिक राव द्वारा सभी विभागों की क्रमवार समीक्षा की गई, तथा अधिकारियों को मौके पर त्वरित कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में महिला बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, सतपुड़ा रिजर्व टाइगर, कृषि विभाग, साहिकारिता विभाग, जनपद पंचायत, पुलिस विभाग, एवं राजस्व विभाग सहित सभी विभागों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक उपरांत अनुविभागीय अधिकारी द्वारा ग्राम छीतापुरा में ग्राम चौपाल कर लोगों की समस्या सुनी तथा समस्या का निराकरण मौके पर ही किया गया। अनुविभागीय अधिकारी इटारसी टी प्रतीक राव द्वारा समीक्षा बैठक उपरांत सभी विभागों के अधिकारियों के साथ वन विस्थापित-ग्राम नया रतिबंदर, नया साकई भाग-3 एवं नया भाडभूड़ में भी चौपाल लगाकर ग्रामीण जनों की समस्याएं सुनी तथा निराकरण करने के निर्देश दिए गये। तत्पश्चात ग्राम नया रतीबंदर में प्राथमिक शाला का भी निरीक्षण किया गया तथा छोटे बच्चों से चर्चा कर बच्चों प्रोत्साहित किया गया।

## शैल के नागरिकों ने नशा मुक्त गांव बनाने लिया संकल्प

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



हम हमारे गांव को नशा मुक्त बनाएंगे. गांव का सर्वांगीण विकास करेंगे. कुछ ऐसे ही वादों के साथ मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के साथ मिलकर नर्मदा पुरम विकासखंड के ग्राम शैल के निवासियों द्वारा गांव में बैठक का आयोजन किया गया। ग्रामीण जन ने बैठक में ग्राम नशा मुक्त कर गांव को आदर्श ग्राम बनाने का संकल्प लिया गया. नवांकुर संस्था वीणा पाणि संगीत एवं सामाजिक संस्था अध्यक्ष आनंद नामदेव ने आदर्श ग्राम की परिकल्पना के विषय में बताया कि ग्राम में होने वाले विकास को ग्राम वासियों के समक्ष रखा गया. बैठक में निर्णय लिया गया कि ग्राम में ग्रामीण समस्याओं को चिन्हित करने व उसके समाधान के लिए समाज को ही जिम्मेदारी लेनी होगी। बैठक में उपस्थित ब्लॉक समन्वयक विवेक मालवीय ने कहा कि हमें ग्राम में छोटे-छोटे कार्यों के माध्यम से स्वाबलंबन की दिशा में प्रयास प्रारंभ करने होंगे। समाज में स्थायी परिवर्तन जन भागीदारी के कार्यों से ही आएगा। हमें वर्षा जल के संरक्षण के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करना होगा, उन्नत पशुधन से भी आय के साधन बढ़ाएंगे, बच्चों को अच्छी शिक्षा, आंगनबाडियों में सुविधाएं बढ़ाने हेतु जन सहयोग लिया जाएगा। हमे खेती के क्षेत्र में नवाचार, एवं जैविक खेती को अपनाने होगा, जिससे जो अनाज उत्पन्न होगा उसका बाजार में किसान अच्छा मूल्य प्राप्त हो। बैठक में उपस्थित ग्राम सरपंच निलेश गौर ने कहा कि हम हमारे शैल ग्राम को आदर्श बनाने में वो हर संभव प्रयास करेंगे, जिसमें सर्व प्रथम हमारे ग्राम को नशे से मुक्त करेंगे। प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष प्रवीण गौर सचिव ओम प्रकाश गौर ने बताया कि हम ग्राम वासी ग्राम को नशा मुक्त करने के लिए संकल्पित है. हम समस्त ग्रामवासी एक जुट हैं और एकजुटता से ही हम इस ग्राम को एक आदर्श ग्राम बनाएंगे.

## शोषित एवं कमजोर के प्रति संवेदनशीलता ही विधिक सेवा




**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के नर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में आयोजित न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को सी.एम. राईस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इटारसी में जिला न्यायाधीश ललित कुमार झा द्वारा बालश्रम उन्नमूलन के संबंध में योजनाओं एवं कानून की जानकारी छात्रों को प्रदान की गयी। साथ ही मैराथन दौड का आयोजन किया गया। कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इटारसी में विधिक सेवा योजना एवं नालसा द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्कीमों की जानकारी न्यायाधीश पूजा भदौरिया द्वारा छात्रों को प्रदान की गयी। जिसके उपरांत निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विधिक सेवा के संबंध में प्रदर्शनी भी आयोजित की गयी। न्यायाधीश भदौरिया द्वारा इस अवसर पर छात्रों को जानकारी दी गयी कि अपराधियों को दण्ड देना ही न्याय पालिका का एकमात्र कार्य नहीं है, बल्कि अपराध से पीड़ित व्यक्तियों को विभिन्न आवश्यक सहायता व सेवाएं प्रदान कर उन्हें पुनः अपराध के पूर्ववाली स्थिति में लाने का प्रयास करने के लिये भी न्यायपालिका संवेदनशील एवं प्रयासरत हैं। साथ ही कई पिछडे एवं शोषित वव्यक्तियों के लिये भी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उपचार व पुनरवास सुविधाओं के माध्यम से सेवा करने के उद्देश्य से हर स्तर पर विधिक सेवा प्रधिकरण अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुये प्रयासरत है।

## अनुपयोगी वस्तुओं को कैसे लाएं उपयोग में एसडीएएम कॉलेज में मनाया विज्ञान दिवस

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**







एस.डी.ए.एम. महाविद्यालय में 9 नवंबर शनिवार को विज्ञान दिवस मनाया गया जिसमे अनुपयोगी वस्तु से उपयोगी वस्तु बनने की प्रतियोगिता का अयोजन रखा गया। इस कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमे सोलर सिस्टम, वॉल हैंगिंग क्राफ्ट, फोटो फ्रेम, पेन बॉक्स, पेपर बैग, फ्लावर पॉट, आइसक्रीम स्टिक क्राफ्ट, बनाया गया साथ ही यह संदेश भी दिया गया की अनुपयोगी वस्तु से भी बहुत उपयोगी वस्तु बनाकर उनका इस्तेमाल किया जा सकता है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य राजेश कुमार कुशवाह सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

**मेट्रो एंकर**

### भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह ने बुधनी विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों का लिया जायजा

# स्ट्रांग रूम, मतदान केंद्रों, मतदान सामग्री वितरण स्थल एवं एसएसटी चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

- सीहोर कलेक्टर और एस पी ने संभाग आयुक्त को निर्वाचन गतिविधियों की जानकारी दी



संभागायुक्त भोपाल संजीव सिंह बुधनी विधानसभा क्षेत्र में हो रहे उपचुनाव की तैयारी का जायजा लेने बुधनी पहुंचे. श्री सिंह ने बुधनी स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय स्कूल मे बनाए गए स्ट्रांग रूम, मतदान सामग्री वितरण स्थल एवं बुधनी विधानसभा क्षेत्र की सीमा में बने एसएसटी चेक पोस्ट का निरीक्षण किया. अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए संभागायुक्त ने सभी अधिकारियों से कहा कि चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखते हुए सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते पूरे कर लें । निरीक्षण के दौरान कलेक्टर प्रवीण सिंह एवं एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने मतदान की तैयारियों तथा समस्त निर्वाचन गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी।

मतदान सामग्री वितरण स्थल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके। संभागायुक्त श्री सिंह ने खासतौर पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी, वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था, मतदान दलों के लिए बैठक व्यवस्था, पेयजल और चिकित्सा सुविधा की बेहतर व्यस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरों को सक्रिय रखने और पूरे परिसर की निरंतर निगरानी के निर्देश दिए।

संभागायुक्त श्री सिंह टीटीसी तथा नर्मदा पुल एसएसटी चेक पोस्ट के निरीक्षण के दौरान एसएसटी दल के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी संदिग्ध वाहन बिना चैकिंग के निकलना नहीं चाहिए। निर्धारित सीमा से अधिक धनराशि, अवैध मादक पदार्थ और ऐसी वस्तुएं जिनसे चुनाव प्रक्रिया प्रभावित होने की संभावना हो, उन्हें त्वरित कार्यवाही करते हुए जब्त करें। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान आमजन को किसी तरह की कोई परेशानी न हो, इसका भी ध्यान रखें। उन्होंने एसएसटी दल के अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करें और आचार संहिता का उल्लंघन होने पर तत्काल सख्त कार्रवाई करें।

संभागायुक्त ने शासकीय कन्या शाला एवं वन विभाग के एसडीओ कार्यालय में बनाए गए मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों में व्यवस्थाएं देखीं और अधिकारियों को मतदान केन्द्रों पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने मतदान केंद्रों पर मतदान करने आने वाले मतदाताओं के लिए पेयजल, बिजली, पंखा, फर्नीचर, और दिव्यांगों के लिए रैम्प, मतदान केन्द्र तक पहुंच मार्ग, शौचालय, साफ-सफाई तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर सहित सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# श्रीकृष्ण गौशाला में गौ माता का पूजन कर मनाया गोपाष्टमी उत्सव

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

श्री श्रीकृष्ण गौशाला में गोपाष्मी के पावन पर्व के अवसर पर गौमाताओं का पूजन किया गया।

इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने प्रातः काल में जंगल चरने जाने से पूर्व पूजा अर्चना आरती कर विदा किया तो वहीं संध्याकाल में गौचारण के वापसी





के दौरान समिति के संरक्षक उमाकांत शर्मा ने समिति के सदस्यों के साथ गौशाला परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार एवं भक्तिभाव के साथ पूजा अर्चना एवं आरती की गई तथा गौमाता को गौग्रास अर्पित किया।

उल्लेखनीय है कि कार्तिक मास की अष्टमी तिथि से भगवान श्रीकृष्ण ने गौचारण प्रारंभ किया था। इसलिए सनातन संस्कृति में इस दिवस को गोपाष्टमी महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से समिति सदस्य हमीर सिंह यादव,अशोक रावल,संतोष द्विवेदी,मनमोहन साहू,मनोज शर्मा, चरण सिंह यादव,शिवकुमार मिश्रा,पप्पू त्यागी,बलजीत यादव सहित सदस्यगण उपस्थित रहें।

## बिजली सप्लाई व्यवस्था में लापरवाही करना लाइनमेन को पड़ा महंगा

# सब डिवीजन इंजीनियरिंग ने बर्खास्त किया, चक्काजाम के बाद हुई कार्रवाई

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

चक्का जाम के बाद बिजली वितरण कंपनी के अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए छप्पू फीटर के लाइनमैन को हटा दिया है बिजली लाइन के तारों को बदलने का काम प्रारंभ कर दिया शुक्रवार को स्टेट हाईवे भोपाल रोड पर प्रभारी मंत्री के आने से पहले महूं छपूं ,बरखेड़ी आदि गांव के किसानों ने सभी जगह शिकायत करने के बाद समाधान नहीं होने पर सिंचाई के लिए बिजली नहीं मिलने से नाराज होकर ग्राम महू पर चक्का जाम कर दिया था इसी रास्ते से प्रभारी मंत्री लखन पटेल नगर में आने वाले थे। इसके बाद बिजली वितरण कंपनी सब डिवीजन इंजीनियर ने राजू भभौर ने जांच के बाद छपूं सब स्टेशन के लाइनमैन वीर सिंह राजपूत को दोषी मानते हुए तत्काल सेवा से बर्खास्त कर दिया है साथ उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को बिजली कटौती का सामना ना करना पड़े जो लाइनें खराब है उनको बदलने का काम किया जाए यहां पर बरसों पुराने तार खराब हो गए उनको बदलवाने की मांग भी ग्रामीण कई सालों से



करते आ रहे हैं ।अब उनको बदलने का काम नहीं धीरे-धीरे करके प्रारंभ कर दिया है दूसरी ओर बिजली नहीं मिलने से कई जगह किसान प्रदर्शन कर रहे हैं स्टेट हाईवे पर प्रभारी मंत्री के आने से पहले हुएं चक्क जामा ने शासन तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की मुश्किल जरूर बढ़ती थी नाराज किसानों शांत करके रास्ता खुलवाया जिसमें एसडीएम ने महत्वपूर्ण पहल करते हुए किसानों को समझ कर प्रदर्शन खत्म करवाया दूसरी ओर बिजली सप्लाई में लापरवाही करने पर छपूं सब सब स्टेशन के लाइनमैन पर गंज गिर गई है इन्होंने रात्रि में फाइट होने के बाद सप्लाई को चालू नहीं किया ने चक्का जाम के बाद मामले में तू पकड़ तो सब डिवीजन इंजीनियर राजू भभौर ने

जांच के बाद वीर सिंह राजपूत को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है ।साथ यहां पर जो बिजली के तारो बदलने के लिएं ठेकेदार को भी निर्देशित किया है। बिजली वितरण कंपनी जूनियर इंजीनियर एस एस पंवार ने बताया की रात्रि में जब लाइन फाइट हुई थी उसकी जानकारी लाइनमेन ने हमें भी नहीं दी ना ही लाइन को जोड़ने गया इस वजह से किसानों को सप्लाई नहीं मिली बाकी बाकी धीरे-धीरे करके किसानों से बात करके खराब तारों को बदलवाने का काम भी हमने प्रारंभ कर दिया है। सप्लाई को भी सुचारू रूप से प्रारंभ कर दिया है। वहीं किसान कई दिनों से सप्लाई नहीं मिलने से नाराज थे शिकायतों पर कार्रवाई नहीं हो तब जाकर इन्होंने चक्का जाम का रास्ता अपनाया यदि यह काम पहले होता तो किसानों को चक्का जाम का रास्ता भी नहीं अपनाना पड़ता लगातार किसानों के द्वारा बिजली कटौती को लेकर शिकायत में भी की जा रही है दो बार चक्का जाम हो चुका जिन क्षेत्र में कृषकों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को नींद में से जागने काम किया है वहां पर खराब पड़ी बिजल सप्लाई में भी बदलाव हो रह है। समय रहते शिकायतों पर अधिकारी और जनप्रतिनिधि ध्यान दे दें तो शायद इस तरह की स्थिति निर्मित ना पर जब किसान अपनी समस्या लेकर जिम्मेदारों के पास पहुंचते हैं तो वह हल्के में लेकर किसानों चार बातें सुन कर चला कर देते हैं।

**इनका कहना है**

"छापूं फीटर के लाइनमैन को हटा दिया है किसानों से बात करके तारों को बदलने का काम भी-धीरे धीरे करके शुरूकर दिया है ।बिजली सप्लाई पूरे समय मिले इसके लिए प्रयास कर रहे हैं।"

-एस एस पंवार
सब जूनियर इंजीनियर
बिजली वितरण कंपनी सिरोंज

# कलेक्टर सिंह ने छात्राओं को पास्कल के नियम और नाउन प्रोनाउन समझाया



**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

■ **कलेक्टर ने एमएलबी विद्यालय में पहुंचकर छात्राओं को पढ़ाया**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आज महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचकर छात्राओं को अध्यापन कराया है। उन्होंने सबसे पहले कक्षा नवमी में पहुंचकर अध्ययन कर रही छात्राओं को नाउन और प्रोनाउन विषय पर पाठशाला पढ़ाई। कलेक्टर द्वारा नाउन प्रोनाउन के प्रश्न पूछे जाने पर छात्रा काजल कुशवाहा द्वारा सही परिभाषा बताए जाने पर प्रसन्नता जाहिर की। कलेक्टर ने छात्राओं को बोर्ड परीक्षाओं में सफलता हासिल करने के लिए जरूरी टिप्स प्रदान किए हैं। उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं के लिए विद्यालय में क्या तैयारियां कराई जा रही हैं के संबंध में भी प्राचार्य और शिक्षकों से पूछताछ की है।

इसके उपरांत कलेक्टर श्री सिंह ने कक्षा दसवीं 11वीं और 12वीं कक्षा की छात्राओं को भी पाठशाला पढ़ाई। उन्होंने बच्चों को पास्कल के नियम समझाते हुए कहा कि वह पढ़ाई से संबंधित सभी विषयों की अच्छे से तैयारी करें। शिक्षक आपको क्या पढ़ा रहे हैं उसको ठीक से समझें आगामी बोर्ड एग्जाम की तैयारी के संबंध में भी उन्होंने छात्राओं से प्रश्न पूछे। कलेक्टर ने छात्राओं से कहा कि वह सिलेबस प्लस प्रेक्टिस पर ध्यान दें। यह बहुत ही आवश्यक है। बोर्ड की परीक्षा में समय सीमा में सभी प्रश्नों को आवश्यक रूप से हल करें। ताकि वह अच्छे नंबरों से परीक्षा में सफल हो सकें। उन्होंने कहा कि परुक्षा में यदि वह एक प्रश्न में फंस जाएं तो अपना समय बर्बाद ना करें दूसरे प्रश्न को हल करें उस प्रश्न को बाद में हल करने के लिए छोड़ दें और कोशिश करें कि सभी सवालों को अच्छे से हल कर सकें, ताकि विद्यालय की सभी छात्राएं उत्तीर्ण होकर शत-प्रतिशत परुक्षा परिणाम ला सकें।

कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रही छात्राओं को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कहा कि सभी छात्राएं सिलेबस तो पूरा करें ही साथ में पिछले कम से कम 5 वर्ष तक के पेपरो को देखें और पिछले वर्षो के पेपरो को निर्धारित समय अवधि तक हल करें जिससे परीक्षा के अनुभव में वृद्धि होगी और वह निश्चित रूप से अच्छे से अच्छे अंकों के साथ सफलता हासिल कर सकेंगी।

# न्यायत्सव का संदेश : कानून के प्रति जागरूक करने न्यायाधीश सहित न्यायालय कर्मियों ने लगाई दौड़

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार विदिशा जिले में भी न्यायोत्सव सप्ताह का आयोजन जारी है। इसी कडी के तहत आज प्रातः मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया था जो जिला न्यायालय परिसर से शुरू हुई दुर्गानगर चौराहा, एसएटीआई, अहमदपुर चौराहे से होते हुए वापिस जिला न्यायालय परिसर में सम्पन्न हुई।

मैराथन दौड़ में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जाकिर हुसैन, विशेष न्यायाधीश के न्यायाधीश जीसी शर्मा, सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण मसूद खान, सीजीएम श्रीमती अपर्णा शर्मा, जिला रजिस्टर विजय कुमार पांडे, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, एसडीएम क्षितिज शर्मा, तहसीलदार डॉक्टर अमित सिंह ने सहित न्यायालय के कर्मचारियों नें उक्त मैराथन दौड़ में हिस्सा लिया ।






प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जाकिर हुसैन नें बताया कि नागरिकों को कानून के प्रति जागरूक करने के लिए 4 से 9 नबंवर तक देश भर में न्यायोत्सव मनाया जा रहा है । इसी के तहत आज मैराथन दौड का आयोजन किया गया था।

कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा कार्यक्रम में उन्नतशील कृषकों ने अपने-अपने अनुभव सांझा किये

# निकाय क्षेत्र में सौंदर्यीकरण, स्वच्छता कार्यो में जनभागीदारी की सहभागिता

**स्वच्छ डिवाइडर अभियान का क्रियान्वयन**

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा अपने शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर के सौदर्यीकरण कार्यो में स्थानीय नागरिकों की सहभागिता स्वेच्छा से हो कि ओर विदिशा नगरपालिका के द्वारा विशेष पहल की जा रही है के परिणाम स्वरूप स्थानीय, व्यापारियों, नागरिकों ने जनसहयोग की मिसाल कायम करने की ओर कदम बढाए है।

निकाय के स्वच्छ डिवाइडर अभियान का आज प्रातः विधायक मुकेश टण्डन, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने डिवाइडरो को पेन्टो से कलर करने की शुरूआत की है इस कार्य में पार्षदगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं राकेश शर्मा सहित गणमान्य नागरिकों, विभिन्न विभागो के अधिकारियों, कर्मचारियों के अलावा एनसीसी के कैडेट सहित अन्य स्वंयसेवी संस्थाओं ने भी सहभागिता निभाई है।





कलेक्टर श्री सिंह की पहल पर निकाय के कार्यो में जनभागीदारी को बढावा देने के कार्यो को मूर्तरूप दिया जा रहा है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी बीडी कतरोलिया ने बताया कि विदिशा शहर के सभी डिवाइडरो को सौदर्यीकरण कार्यो को मूर्तरूप दिया जा रहा है जिसमें नगरपालिका के द्वारा पेन्ट उपलब्ध कराया जा रहा है जबकि जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों के द्वारा डिवाइडरो को रंगने का कार्य स्वेच्छा से जनभागीदारी के तहत किया जा रहा है। सभी डिवाइडरो के रंग रोगन हो जाने के पश्चात् संबंधित व्यापारियों, जिन दुकानदारो के आगे डिवाइडर है उन दुकानदारो से आव्हान किया गया है कि स्वेच्छा से डिवाइडर पर अपने नाम अंकित कर गमले रखे ताकि डिवाइडरो के सौंदर्यीकरण में ओर वृद्धि हो सकें। हमारा शहर स्वच्छ रहे, स्वच्छता के सभी आयामो की प्राप्ति हो यह सब स्थानीय नागरिको के सहयोग से संभव है।

**मेट्रो एंकर** अंधे मोड़ों एवं रोड पर बने ब्रेकरों पर नहीं संकेतक बोर्ड

# रोज हो रही दुर्घटनाएं, लोक निर्माण विभाग नहीं दे रहा ध्यान

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

क्षेत्र की अनेक सड़कों के अंधे मोड़ो एवं रोड पर बने ब्रेकरों पर संकेतक बोर्ड न लगने के कारण आयें दिन दुर्घटनाओं के मामलें सामने आने लगे है उसके बाद भी लोकनिर्माण विभाग द्वारा इसओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है उल्लेखनीय होकि लोक निर्माण विभाग एवं एमपीआरडी के अंतर्गत नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की कई सड़कों के अंधे मोड़ो पर संकेतक बोर्ड न होने के कारण वाहन चालकों को मोड़ो के बारे में दूर से पता नहीं चल पाता है जिससे वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाते है।

**इन मार्गो पर अत्याधिक अंधे मोड़**– मिली जानकारी अनुसार लटेरी रोड पर छरछरे के पास, पुराने पार्क के पास, मंषापुरन हनुमान मंदिर के पास, ईमलानी मार्ग पर, आरोन मार्ग एवं अन्य मार्गो एवं कई ग्रामों की सड़कों के अंधे मोड़ो पर संकेतक बोर्ड न होने के कारण वाहन चालको को दुर्घटना का अंदेषा बना रहता है। गौरतलब होकि कुछ दिन पूर्व लटेरी रोड पर अंधे मोड़ पर संकेतक बोर्ड न होने कारण दो आमने-सामने से चार पहिया वाहन एवं दो पहिया वाहन की दुर्घटना हो गयी थी और पूर्व के वर्षो में कई दुर्घटनाऐं अंधे मोड़ के कारण हो चुकी है।

**यहाँ है अत्याधिक ब्रेकर** – रोहिलपुरा तिराहे पर अत्याधिक ब्रेकर बने हुए है और यहाँ किसी भी प्रकार का बोर्ड या संकेतक नही लगा जिस कारण नया चालक यहाँ



फाइल फोटो।

आकर अनियंत्रित हो जाता है। संकेतक बोर्ड न होने कारण दो आमने-सामने से चार पहिया वाहन एवं दो पहिया वाहन की दुर्घटना हो चुकी है।

**जानकर भी अनजान विभाग**– उल्लेखनीय होकि क्षेत्र में बनी कई सड़कों के अंधे मोड़ो पर संकेतक बोर्ड न होने की जानकारी विभाग को न हो ऐसा हो नहीं सकता है मालूम होकि उक्त मार्गो पर विभाग के जिम्मेदारों का भी कई बार आना जाना लगा रहता है मगर उसके बाद भी विभाग के जिम्मेदार जानकर भी संकेतक बोर्ड पर अनजान बने हुऐ है। और विभाग के जिम्मेदारों की अनदेखी से वाहन चालकों को संकेतक बोर्ड न होने के कारण अंधे मोड़ो पर दुर्घटनाओं का भय बना रहता है।

**अंधे मोड़ो पर वाहन चालक खो देते संतुलन**– मालूम होकि तेज गति में वाहन न होने के कारण क्षेत्र की सड़को पर अंधे मोड़ो पर वाहन चालक अपना संतुलन खो बैठते है जिससे वाहन अंधे मोड़ो पर नियंत्रित नहीं हो पाता है और दुर्घटना ग्रस्त हो जाता हैं जिससे कई बार हादसे हो चुकें है।

**ग्रामीणों द्वारा खेत में पानी देने के लिये बीच सडक पर अवैध तरीके से पाइप लाइन का ब्रेकर बनाये जाने से होती है दुर्घटनाएं**– कुछ दिन पूर्व दोपहर के समय खिल्ली से वापिस आ रहे एडवोकेट शोएब खांन के पुत्र मुजीब इकवाल मोटर साईकिल से सिरोंज आ रहे थे धानोदा पर पानी की पाइप लाइन डालने के लिए किसानों ने ऊंचे ब्रेकर बना रखे है जिसके चलते युवकों की मोटर साईकिल ब्रेकर अनियंत्रण होकर पलट गई जिसमें दोनों को चोटें आई मुजीब को ज्यादा चोटे आई है प्राथमिक उपचार के बाद परिजन भोपाल लेकर गये। यहाँ से दिन भर में कई अधिकारी गुजरते है लेकिन कभी किसी अधिकारी ने इन अस्थाई ब्रेकर बनाने वालों पर कोई कार्रवाही नहीं करते है।

## निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर डीएपी विक्रय करने पर विक्रेता पर एफआईआर

**सिरोंज।** विदिशा कृषक हरभजन लाल पिता कन्हैयालाल किरार ग्राम बम्हौरी रावन तहसील नटेरन के द्वारा मेसर्स के.के.एग्री सॉल्यूशन, मेला रोड श्रीराम नगर विदिशा के विरूद्ध डीएपी उर्वरक 1350 रूपये के स्थान पर 1900 रूपये में दिये जाने की शिकायत तहसीलदार विदिशा से की गई थी। इसके उपरांत आज शनिवार को उर्वरक निरीक्षक आरके शर्मा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड विदिशा द्वारा दिये गये आवेदन पर मेसर्स केके एग्री सॉल्यूशन के संचालक प्रीतमसिंह कुशवाह के विरूद्ध कोतवाली थाना विदिशा द्वारा उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985, फर्टिलाईजर ( मूमेंट ) कंट्रोल आदेश 1973 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।




*अच्छी नींद संपूर्ण सेहत के लिए बेहद जरूरी है। अच्छी नींद से शरीर ठीक से रिकवर करता है, इम्यून सिस्टम मजबूत होता है और हमारी सोचने-समझने की क्षमता भी बेहतर होती है। हालांकि नींद को कई कारक प्रभावित करते हैं, जैसे अच्छी नींद के लिए कमरे का तापमान सही होना और आरामदेह बिस्तर भी जरूरी है। ऐसे ही यदि सोने के 3 से 4 घंटे पहले भोजन कर लें, दोपहर के बाद चाय-कॉफी का उपयोग कम करें तो इससे भी नींद अच्छी आती है।*

# इम्यून सिस्टम को मजबूत करती है अच्छी नींद, सोने से 3-4 घंटे पहले करें डिनर

### सोने से एक घंटे पहले गैजेट बंद करें

स्मार्टफोन, टैबलेट, और कंप्यूटर जैसे डिवाइस से निकलने वाली ब्लू लाइट हार्मोन मेलाटोनिन के उत्पादन में बाधा डाल सकती है। यह हार्मोन हमारी नींद को नियंत्रित करता है।

**सुझाव:** सोने से कम से कम एक घंटे पहले इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का उपयोग न करें। अगर इन्हें इस्तेमाल करना जरूरी हो तो ब्लू लाइट फिल्टर का इस्तेमाल करें।

### ब्रीदिंग तकनीक 4-7-8 अपनाएं

रिलैक्सेशन तकनीकों का अभ्यास सोने से पहले शरीर को यह संकेत देता है कि अब आराम का समय है। डीप ब्रीदिंग, प्रोग्रेसिव मसल रिलैक्सेशन और 4-7-8 ब्रीदिंग जैसी तकनीक तनाव को कम कर मन को शांत करती हैं।

**सुझाव:** अपने सोने के रूटीन में 4-7-8 ब्रीदिंग तकनीक को शामिल करें, जिससे गहरी नींद पाने में मदद मिलती है।

### रोज नियमित समय पर सोएं-जागें

हमारा शरीर सर्केडियन रिदम पर काम करता है, जो 24 घंटे का नेचुरल साइकिल है। यह रोशनी और अंधेरे से नियंत्रित होता है। रोज नियमित समय पर सोने और जागने से यह इंटरनल क्लॉक नियमित रहती है, जिससे सोने और जागने में आसानी होती है। इसके अलावा इन तीन वैज्ञानिक तरीकों को अपनाकर भी आप नींद की गुणवत्ता सुधार सकते हैं।

**सुझाव:** वीकेंड पर भी निश्चित समय पर सोएं। शरीर का सोने-जागने का चक्र मजबूत होता है।

### मैनचेस्टर टेस्ट: क्रिस वोक्स को 6 विकेट; जेमी स्मिथ प्लेयर ऑफ द मैच

# इंग्लैंड ने श्रीलंका को 5 विकेट से हराया

**मैनचेस्टर. एजेंसी**

मैच जीतने के बाद जो रुट और क्रिस वोक्स सेलिब्रेट करते हुए। श्रीलंका और इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने श्रीलंका को 5 विकेट से हरा दिया। 206 रन के टारगेट का पीछा कर रही इंग्लैंड की तरफ से जो रुट ने 62 रन बनाए। दूसरी पारी में श्रीलंकाई टीम ने 326 रन बनाए थे।



विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश चंडीमल ने 79 और कमिंडु मेंडिस ने 113 रन की पारी खेली। इंग्लैंड की तरफ से मैथ्यू पॉट्स और क्रिस वोक्स ने 3-3 विकेट लिए। इंग्लैंड ने रन चेज करते समय 70 रन पर 3 विकेट खो दिए थे, लेकिन अनुभवी बल्लेबाज जो रुट एक तरफ से टिके रहे। उन्होंने 128 बॉल पर 62 रन की पारी खेली। प्लेयर ऑफ द मैच जेमी स्मिथ ने पहली पारी में 111 और दूसरी पारी में 39 रन बनाए। इससे पहले इंग्लैंड पहली पारी में 358 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम से विकेटकीपर जैमी स्मिथ ने करियर का पहला शतक लगाया। श्रीलंकाई टीम ने पहली पारी में 236 रन बनाए थे। इंग्लैंड ने तीसरे दिन 259/6 के स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाई। जैमी स्मिथ ने 72 रन के स्कोर से खेलना शुरू किया, उनके सामने गस एटकिंसन 20 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन टीम का स्कोर 300 के पार पहुंच गया। स्मिथ ने शतक लगाया, लेकिन वह भी 111 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

### दूसरे दिन इंग्लैंड ने बनाई बढ़त

मैनचेस्टर टेस्ट के दूसरे दिन इंग्लैंड ने 22/0 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम से जो रूट ने 42, हैरी ब्रूक ने 56 और और डैन लॉरेंस ने 30 रन बनाए। बारिश के कारण दिन का खेल शुरू होने में देरी हुई थी, लेकिन टीम ने 6 विकेट खोकर 259 रन बना लिए। श्रीलंका 236 रन बनाकर सिमटा था, इसलिए इंग्लैंड को 23 रन की बढ़त मिली।

# साहिल, अभिराज की बदौलत मिली जीत

**भोपाल. दोपहर मेट्रो**





फेथ क्रिकेट ग्राउंड पर वीएस क्रिकेट अकादमी और रेलवे गर्वित क्रिकेट अकादमी के बीच 2 दिवस (दोनों तरफ 75 ओवर) का मैच कुछ हीं? ओवर में सिमट गया। वीएस ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी कर 38.3 ओवर मी सिर्फ 46 रन ही बनाए। रेलवे एकेडमी की ओर से साहिल सक्सेना ने 5 विकेट एवम अभिराज भदोरिया, अंश यादव ने 2-2 विकेट लिया। जवाब में टीम ने 47 रन 6.5 ओवर में ही हासिल कर ली। अभिराज ने 26 गेंदों में 36 रन बनाए, साहिल सक्सेना ने 11 रन बनाए और नॉट आउट रहते हुए इस मैच को 10 विकेट से जीत लिया।

# पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया में 7 साल के बाद जीता मुकाबला

**एडिलेड. एजेंसी**

पाकिस्तान ने दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से मात दी। ऑस्ट्रेलिया में पाक की सात साल बाद यह पहली जीत है। पहले बल्लेबाजी करते हुए कंगारू टीम 35 ओवर में 163 रन पर ढेर हो गई। पाक ने 26.3 ओवर में एक विकेट पर 169 रन बनाकर जीत दर्ज की। सैम अयूब ने 82 और अब्दुल्ला शफीक ने नाबाद 64 रन बनाए।

# भारत-साउथ अफ्रीका दूसरा टी-20 आज

## सेंट जॉर्ज पार्क में दूसरी बार होगा दोनों टीमों का सामना

**नईदिल्ली. एजेंसी**






भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज का दूसरा मुकाबला आज गकेबेरहा में खेला जाएगा। सेंट जॉर्ज पार्क क्रिकेट स्टेडियम में मैच इंडियन टाइम से रात 7.30 बजे से शुरू होगा, टॉस 7 बजे होगा। भारत ने पहला मैच 61 रन से जीता था। टीम चार मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है। सेंट जॉर्ज पार्क दोनों टीमें दूसरी बार आमने-सामने होंगी। इससे पहले पिछले साल दिसंबर में सामना हुआ था। तब साउथ अफ्रीका को 5 विकेट से जीत मिली थी। यहां पिछले 12 साल से साउथ अफ्रीका की टीम कोई मैच नहीं हारी है। आखिरी हार उन्हें यहां वेस्टइंडीज से 2007 में मिली थी। भारत टी-20 में साउथ अफ्रीका पर भारी दोनों के बीच अब तक 28 टी-20 मैच खेले गए हैं। इसमें भारत 16 और साउथ अफ्रीका 11 जीता है। जबकि एक मैच बेनतीजा रहा। पिछली बार भारत ने 2023 में टी-20 सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका का दौरा किया था, जहां दोनों टीमों ने 1-1 से ड्रॉ खेला था, जबकि एक मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। दोनों के बीच अब तक 9 टी-20 खेली गई, जिसमें भारत ने 4 और साउथ अफ्रीका ने 2 जीती। जबकि 3 सीरीज ड्रॉ रही।

सैमसन ने पहले मैच में शतक लगाया कप्तान सूर्यकुमार यादव भारत के लिए इस साल टी-20 में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले पहले नंबर पर हैं। उन्होंने 15 मैचों में 424 रन बनाए हैं। दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा हैं, जो इस फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं। वहीं, तीसरे नंबर पर शानदार फॉर्म में चल रहे संजू सैमसन हैं। सैमसन ने पहले मैच में 50 बॉल पर 107 रन की पारी खेली थी। बॉलिंग में पेसर अर्शदीप सिंह टॉप पर हैं। हालांकि उन्हें पहले मैच में केवल एक विकेट मिला। हेंड्रिक्स साउथ अफ्रीका के टॉप रन स्कोरर साउथ अफ्रीका के ओपनर रीजा हेंड्रिक्स इस साल टीम के टॉप रन स्कोरर हैं। एनरिक्नॉर्ट्या इस साल टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर हैं। लेकिन, इस सीरीज में वे स्क्वॉड का हिस्सा नहीं है। ऐसे में ओटनेल बार्टमैन टॉप विकेट टेकर हैं। हालांकि पहले मैच में दोनों डिपार्टमेंट के टॉप प्लेयर प्लेइंग-11 का हिस्सा नहीं थे। पहले मैच में टीम के लिए सबसे ज्यादा 25 रन हेनरिक क्लासन ने बनाए थे।

पिच रिपोर्ट और रिकॉर्ड सेंट जॉर्ज पार्क क्रिकेट स्टेडियम की पिच शुरुआत में बल्लेबाजों के मुफीद होती है। लेकिन, जैसे जैसे खेल आगे बढ़ता है यह स्पिन और फास्ट बॉलर्स को फायदा पहुंचाने लगती है। यहां अब तक 4 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले गए हैं। इसमें से 2 मैच पहले बैटिंग करने वाली टीम ने और इतने ही चेज करने वाली टीम ने जीते हैं। यहां आखिरी मैच भारत-साउथ अफ्रीका के बीच ही खेला गया था। इसमें साउथ अफ्रीका को जीत मिली थी। वेदर रिपोर्ट भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेले जाने वाले दूसरे टी-20 में मौसम अच्छा रहेगा। बारिश के कोई आसार नहीं हैं। तापमान 16-21 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

**दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11**

भारत ः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह और आवेश खान।

साउथ अफ्रीका ःऐडन मार्करम (कप्तान), रायन रिकेलटन (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, हेनरिक क्लासन (विकेटकीपर), डेविड मिलर, पैट्रिक क्रूगर, मार्को यानसन, एंडिले सिमेलेन, जेराल्ड कूट्जी, केशव महाराज और काबायोम्जी पीटर।

## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

# लेडी सुपर स्टार को राणा दग्गुबाती ने बताया 'ठग'




साउथ सिनेमा की 'लेडी सुपर स्टार' नयनतारा अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में तो खूब रही हैं, लेकिन उन्होंने खुद इस पर हमेशा चुप्पी साध रखी है। बीते 21 साल के करियर में नयनतारा ने 75 से अधिक फिल्मों में ना सिर्फ काम किया है, बल्कि अपने बूते ब्लॉकबस्टर फिल्में भी दी हैं। शाहरुख खान के साथ जवान ने उन्हें हिंदी के दर्शकों में भी पॉपुलैरिटी दिलाई। लेकिन 40 साल की इस कामयाब एक्ट्रेस की कहानी इससे कहीं अधिक है। दूर से उनकी दुनिया परियों जैसी जरूर लगती है, लेकिन इसमें संघर्ष है, विवाद हैं, आरोप हैं, और अब इन सब पर बात होगी ह्ञ्ञ पर डॉक्यूमेंट्री सीरीज नयनतारा- बियॉन्ड द फेयरीटेल में। इसका ट्रेलर 9 नवंबर को रिलीज हुआ है। ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने इस डॉक्यूमेंट्री का ट्रेलर के साथ ही रिलीज डेट की भी घोषणा की है। इसका प्रीमियर एक्ट्रेस के 40वें बर्थडे पर 18 नवंबर को होगा। दो मिनट और 25 सेकेंड के ट्रेलर में नयनतारा दिखती हैं। विग्नेश शिवन के साथ उनकी शादी की अनदेखी झलकियां मिलती हैं। साथ में नजर आते हैं नयनतारा के को-स्टार्स राणा दग्गुबत्ती, नागार्जुन अक्किनेनी और तापसी पन्नू। विग्नेश शिवन पति होने के साथ ही नयनतारा की कई फिल्मों के डायरेक्टर-प्रोड्यूसर भी रहे हैं।

# 25वीं वेडिंग ऐनिवर्सरी भूले नारायण मूर्ति, कपिल को सुनाया किस्सा

द ग्रेट इंडियन कपिल शो 2 के नए एपिसोड में अब नारायण मूर्ति और सुधा मूर्ति के साथ जोमैटो के सीईओ दीपिंदर गोयल और उनकी पत्नी जिया नजर आएंगी। शो में ये बिजनेस टायकून अपनी निजी जिंदगी के मजेदार खुलासे करते नजर आएंगे। इसकी झलक मेकर्स प्रोमो में भी दिखा चुके हैं। इंफोसिस की नींव रखने वाले नारायण मूर्ति ने एक किस्सा वह सुनाया, जब वह अपनी और पत्नी सुधा मूर्ति की वेडिंग एनिवर्सरी भूल गए। इस गलती पर कपल की बेटी ने कैसे रिएक्ट किया था, यह भी उन्होंने बताया। Murthy ने कपिल शर्मा से कहा, एक दिन मैं सुबह उठा तो सुधा ने मुझसे कहा- आज कुछ खास है क्या? और मैंने कहा नहीं...कुछ नहीं? फिर मैंने ऑफिस जाने का फैसला किया और जैसे ही मैं कार में बैठ रहा था, उन्होंने मुझसे पूछा कि आज कुछ खास सोचा है? मैंने कहा कि नहीं तो, वही एक जैसा दिन तो है। उन्होंने आगे बताया, फिर उस शाम मुझे मुंबई आना था और मैं कार में था तभी मेरी बेटी का फोन आया। वह उस समय अमेरिका में थीं और स्टैनफोर्ड में पढ़ाई कर रही थीं। वह मुझसे, आप क्या कर रहे हो? मैंने उससे कहा कि मैं मुंबई के लिए फ्लाइट पकड़ने जा रहा हूं। उसने कहा, अभी फ्लाइट कैंसल करो और कुल सुबह 6 बजे की फ्लाइट लेकर बेंगलुरु वापस आ जाओ। मेरी मां और अपनी पत्नी को शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं।



# अब चुलबुल का 'सिंघम' से होगा मुकाबला



अजय देवगन स्टारर फिल्म सिंघम अगेन बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया परफॉर्म कर रही है. 1 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म ने दुनियाभर में अब तक तकरीबन 250 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है. फिल्म की कहानी से ज्यादा इसमें सलमान खान के किरदार चुलबुल पांडे के कैमियो की चर्चा हो रही है. फिल्म में सलमान खान को देखते ही फैंस खुशी से झूम उठे थे. सिंघम अगेन के एंड क्रेडिट सीन में चुलबुल पांडे को देखा गया था. इससे दर्शकों को हिंट मिला था कि चुलबुल पांडे का सामना अजय देवगन के किरदार बाजीराव सिंघम से हो सकता है. अब एक नए इंटरव्यू में सिंघम अगेन के डायरेक्टर रोहित शेट्टी और अजय देवगन ने एपिक कॉप क्रॉसओवर फिल्म बनाने के बारे में बात की है. दोनों ने बताया कि क्या जल्द चुलबुल ङ्कस् सिंघम या मिशन चुलुबुल पांडे जैसी फिल्म बन सकती हैं. फैंस भी सिंघम और चुलबुल पांडे को आपस में टकराते देखना चाहते हैं. सिंघम अगेन के एंड क्रेडिट सीन में चुलबुल ने कहा था कि वो नई शिवा टास्क फोर्स का हिस्सा बनने वाले हैं. इसपर पिंकविला को दिए इंटरव्यू में रोहित शेट्टी ने कहा कि वो इससे कुछ अलग सोच रहे हैं. उन्होंने कहा, अभी तो सिंघम अगेन को रिलीज़ हुए एक हफ्ते ही हुए हैं तो मुझे थोड़ा सा समय दीजिए. बाकी सिंघम 1/ह्य चुलबल स्टैंड अलोन फिल्म होगी.



### इमरजेंसी बनाते वक्त अभिनेत्री कंगना रणौत के साथ हुई थी साजिश, कहा-

# कास्टिंग निर्देशकों ने काम करने से किया मना



अभिनेत्री से राजनेता बनीं कंगना रणौत अक्सर अपने बेबाक बयानों के कारण सुर्खियों में बनी रहती हैं। मुखर अभिनेत्री कंगना रणौत अपनी आने वाली फिल्म 'इमरजेंसी' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। हाल ही में एक बातचीत में, अभिनेत्री ने खुलासा किया कि लोग अभिनेताओं को बुलाकर कहते थे कि वे 'इमरजेंसी' में उनके साथ काम न करें। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने और क्या कहा है। हाल ही में अभिनेत्री ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में उनके खिलाफ एक साजिश चल रही थी और इसने उनकी फिल्म के निर्माण को प्रभावित किया। अपने हालिया साक्षात्कारों में से एक में, अभिनेत्री ने आरोप लगाया कि कई कास्टिंग निर्देशकों, सिनेमैटोग्राफरों और अभिनेताओं ने उनके साथ काम करने से इनकार कर दिया। एक इंटरव्यू में कंगना ने कहा कि उनके खिलाफ बहुत साजिश रची गई थी, जिसमें लोग दूसरे एक्टर्स को पहले से ही फोन करके उनके साथ काम न करने की हिदायत दे रहे थे। उन्होंने कहा, कई कास्टिंग डायरेक्टर्स और डीओपी ने मेरे साथ काम करने से मना कर दिया। एक्टर्स को मेरे साथ काम न करने के लिए कॉल आ रहे थे। मेरे खिलाफ बहुत साजिश रची गई थी। अभिनेता ने तब खुद को काफी भाग्यशाली बताया कि तमाम परेशानियों के बावजूद उन्हें अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, सतीश कौशिक और महिमा चौधरी जैसे कलाकारों के साथ काम करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि यह दुनिया का सबसे अच्छा एहसास है, जब विपरीत परिस्थितियों में लोग आपके साथ काम करने के लिए सहमत होते हैं। उन्होंने आगे दावा किया, उनकी 'इमरजेंसी' की कास्ट न केवल उनके साथ काम करने के लिए सहमत हुई बल्कि उनके साथ बेहद सम्मान और प्यार से पेश आई। बता दें कि अभिनेत्री कंगना जल्द ही अपनी फिल्म 'इमरजेंसी' के साथ एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। फिल्म 6 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में कंगना के अलावा श्रेयस तलपड़े, सतीश कौशिक, महिमा चौधरी मुख्य भूमिका में हैं।

छोला क्षेत्र का मामला

# महिला से ऑटो चालक ने किया दुष्कर्म

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल। छोला मंदिर क्षेत्र में आटो चालक द्वारा महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी ऑटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 32 साल की महिला का पति से विवाद चल रहा है। वह पति से अलग रहती है और पूरी बनाने काम करती है। उसका बेटा पति के साथ रहता है, जबकि बेटी मां के साथ रहती है। काम पर आते-जाते समय उसकी पहचान साजिद खान नामक युवक से हो गई थी। साजिद आटो चलाता है।

शुक्रवार को महिला अपनी बहन के साथ जमीनी विवाद के चलते कोर्ट पेशी पर गई थी। वहां से दोपहर करीब तीन बजे वापस लौटी। बस से उतरने के बाद वह पैदल घर जाने लगी, तभी उसे साजिद मिल गया। साजिद ने महिला को बोला कि वह



अपनी मां से मिलवाना चाहता है। पुराना परिचय होने के कारण महिला उसके साथ चली गई। साजिद महिला को लेकर अपने घर पहुंचा तो वहां उसकी मां मौजूद नहीं थी। साजिद ने दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और महिला से मारपीट करते हुए दुष्कर्म किया। रात करीब नौ बजे महिला ने शोर मचाया तो आसपास को लोग पहुंच गए, जिसके बाद साजिद मौके से भाग निकला।

## सहायक संचालक पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज

**भोपाल।** कोहेफिजा थाना क्षेत्र में कृषि विभाग के सहायक संचालक द्वारा विभाग में पदस्थ महिला से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर सहायक संचालक के खिलाफ छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित महिला कर्मचारी ने शुक्रवार शाम कोहेफिजा थाने पहुंचकर शिकायत करते हुए बताया कि दोपहर करीब 1 बजे वह काम से कोषालय जा रही थी। एसडीएम हुजूर कार्यालय में सीढ़ियों से उतरते समय सामने से मनोज चौधरी आ रहे थे। जैसे ही वह उनके पास पहुंचे, वैसे ही बुरी नीयत से उन्होंने हाथ पकड़ लिया और बेड टच किया। मनोज कहने लगे कि बात किया करो। महिला का आरोप है कि बात नहीं करने पर उन्होंने बदनाम करने की धमकी दी है। इसके पहले भी वह कई बार इस प्रकार की हरकतें कर चुके हैं। करीब तीन साल वह परेशान कर रहे है। पुलिस ने मनोज चौधरी के खिलाफ शिकायत दर्ज कर ली है।

# गल्ला व्यापारी ने होटल में फांसी लगाकर दी जान

**सुसाइड नोट में लिखा जिंदगी से हूं परेशान**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

हनुमानगंज स्थित हमीदिया रोड की होटल गंगा रेजेंसी में गल्ला व्यापारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उन्होंने आत्महत्या के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया। उन्होंने लिखा है कि मैं जिंदगी से परेशान हूं और आत्महत्या कर रहा हूं। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार गर्विस मंगल पिता श्रीकृष्ण गोपाल (30) ओम शिव नगर, लालघाटी में रहते थे। वे गल्ला व्यापारी थे। शुक्रवार रात गर्विस घर से बिना बताए निकले थे। वे होटल गंगा रेजेंसी पहुंचे और



वहां कमरा बुक कराया। इसके बाद देर रात कमरे में फांसी लगा ली। शनिवार सुबह करीब पौने दस बजे पुलिस को सूचना मिली थी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि अभी परिजन के बयान दर्ज नहीं हो सके हैं। परिजन के बयान में ही आत्महत्या की सही वजह साफ हो सकेगी।

## कुएं में मिला अज्ञात महिला का शव

**भोपाल।** परवलिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित गांव कुराना में शनिवार दोपहर पुलिस ने एक महिला का शव बरामद किया है। शव पुराना होने के कारण डिकंपोज हो चुका है। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। मृतिका का के पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। फिलहाल उसने आत्महत्या की या फिर उसकी हत्या कर शव ठिकाने लगाया गया है। यह कहना मुश्किल है। मृतिका का उम्र करीब तीस से चालीस साल के आसपास होगी। शरीर पर काले रंग का प्लाजो और कुर्ता मिला है।

## नाबालिग समेत दो पर प्राणघातक हमला



**भोपाल।** गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित अन्ना नगर में शुक्रवार शाम एक युवक ने नाबालिग और उसके दोस्त पर चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। यहां एक की हालत नाजुक बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार अभिजीत दरयानी (16) अन्ना नगर में रहता है। शुक्रवार शाम करीब साढ़े पांच बजे वह अपने दोस्त वीरसिंह के साथ मोहल्ले में खड़ा था। इसी बीच विकास नगर में रहने वाला मंगल सिंदे पहुंचा। उसने अभिजीत से कहा कि तुम्हारे दोस्त ने रुपए उधार लिए थे, वह वापस करवा दो। इस अभिजीत ने बोला कि उसने रुपये नहीं दिलवाए थे। इसको लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। मंगल ने अभिजीत के साथ मारपीट करनी शुरू की तो वीरसिंह बीच-बचाव करने पहुंचा। इस पर मंगल ने चाकू निकालकर वीरसिंह के सिर वार कर दिए। बीच-बचाव में अभिजीत के सीने में चाकू के वार लगे। जान बचाकर दोनों लड़के थाने पहुंचे तो पुलिस ने तत्काल ही उन्हें इलाज के लिए जयप्रकाश अस्पताल पहुंचाया। इलाज के बाद पुलिस ने अभिजीत की रिपोर्ट पर मंगल के खिलाफ हत्या के प्रयास की धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

फोटो लगाकर फेसबुक पर बनाई थी फर्जी आईडी

# सायबर क्राइम ब्रांच की टीम ने राजस्थान से किया गिरफ्तार

**फेसबुक पर पुलिस कमिश्नर की आईडी बनाकर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर लोगों से ठगी करने वाले 2 जालसाजों को सायबर क्राइम ब्रांच की टीम ने अलवर, राजस्थान से गिरफ्तार किया है। आरोपी आईपीएस अफसरों का ट्रांसफर होने का हवाला देकर सस्ते दामों पर फर्नीचर बेचने का झांसा देते थे। झांसे में आए लोगों से प्रोसेसिंग के नाम पर आनलाइन रुपए ट्रांसफर करवा लेते थे। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पांच हजार रुपए की नगदी, चार मोबाइल और तीन सिमकार्ड जब्त हुए हैं। प्रारंभिक जांच में करीब 100 लोगों के साथ ठगी का बात सामने आई है।

सायबर क्राईम ब्रांच के अनुसार महेश कुमार ने शिकायत करते बताया कि उनके पास भोपाल पुलिस आयुक्त हरिनारायणा चारी मिश्र की फोटो लगी फेसबुक आईडी से मैसेज आया था। मैसेज में एक आईपीएस अधिकारी का ट्रांसफर होने के बाद फर्नीचर बेचने की




बात लिखी थी। मैसेज पर रिप्लाई करने पर सौदा तय हुआ। जालसाजों ने क्यूआर कोड भेजकर उनसे 45 हजार रुपए ठग लिए। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात जालसाजों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया। तकनीकी जांच के बाद सायबर क्राइम ब्रांच की टीम ने दो आरोपियों में सुनील कुमार प्रजापति पिता सूरजभान (24) और शकील पिता आस मोहम्मद (25) निवासी अलवर राजस्थान को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल चार मोबाइल, तीन सिमकार्ड और पांच हजार रुपए की नगदी जब्त हुई हैं।

**इस तरह करते थे वारदात**

आईपीएस अफसरों के फोटो लगाकर फर्जी फेसबुक आईडी बनाते थे। उसके बाद वह अधिकारियों का ट्रांसफर होने का हवाला देते हुए पुराने फर्नीचर को सस्ते दामों पर बेचने का कहते थे। बाद में बिल बनवाने और ट्रांसपोर्ट चार्जेस के नाम पर लोगों से आनलाइन रुपए ट्रांसफर करवा लेते थे। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि यह जालसाज अब तक करीब सौ लोगों के साथ ठगी की घटनाओं को अंजाम दे चुके थे।

**यहां करें शिकायत**

सायबर क्राइम ब्रांच ने इस प्रकार की ठगी से बचने के लिए लोगों को सतर्क रहने की अपील की है।

## चोरी की नीयत से घुसे बदमाश को दबोचा

**भोपाल।** हनुमानगंज इलाके में चोरी की नीयत से घुसे एक बदमाश को परिवार वालों ने दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी नल की टोटियां और अन्य सामान समेट चुका था। जानकारी के अनुसार राहुल उदासी (33) माता मंदिर के पास सिंधी कालोनी बैरसिया रोड पर रहते हैं और इमामी गेट के पास मोबाइल की दुकान चलाते हैं। उनके मकान की तीसरी मंजिल पर निर्माण कार्य चल रहा है। बीती आठ नवंबर की रात करीब डेढ़ बजे तीसरी मंजिल पर खटपट की आवाज आई तो वह परिवार वालों को जगाकर पहुंचे। देखा तो एक युवक तीसरे फ्लोर पर कपड़े सुखाने वाले स्टैंड और नल की टोटियां समेत अन्य सामान थैले में भर रहा था। सभी लोगों ने उक्त युवक को दबोच लिया और डायल 100 को फोन किया। पुलिस के आने पर पूछताछ की गई तो युवक ने अपना नाम मो। साजिद निवासी इंद्रा सहायता नगर बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चोरी के प्रयास का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। सूने मकान पर चोरों का धावा शाहजहांनाबाद थानांतर्गत बीडीए कालोनी स्थित एक सूने मकान से चोर गैस की टंकी समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक सऊद अहमद ऐशबाग में रहते हैं और ठेकेदारी करते हैं। उनके छोटे भाई का बीडीए कालोनी में मकान है। मकान मालिक सऊदी अरब में रहते हैं। विगत दिवस पड़ोसी ने घर का ताला टूटा होने की जानकारी दी, जिसके बाद सऊद छोटे भाई के घर पहुंचे। देखा तो पूरा सामान बिखरा पड़ा था और सामान गायब था। चोरी गए सामान की सूची और पूरी कीमत का खुलासा नहीं हो पाया है।

# लापता महिला की पांच दिन बाद कूड़े में मिली लाश

**परिजन ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस जांच में जुटी**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल। हबीबगंज पुलिस ने पीसी नगर गड्ढा इलाके से शनिवार दोपहर गुमशुदा महिला की लाश बरामद की है। लाश करीब पांच दिन पुरानी होने के कारण डिकंपोज हो चुकी है। शरीर पर चोट के निशान नजर नहीं आ रहे है। पुलिस ने एफएसएल की टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराने के बाद लाश पीएम के लिए भेज दी है। परिजन ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

पुलिस के अनुसार प्रभा राजपूत पति पप्पू (30) बारह नंबर मल्टी में अपनी बुआ के साथ रहती थी। गत 3 नवंबर को वह बिना बताए कहीं चली गई। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। प्रभा का पता नहीं चलने पर 4 नवंबर को प्रभा की गुमशुदगी हबीबगंज पुलिस थाने में दर्ज कर ली गई। शनिवार दोपहर बारह नंबर मल्टी के पीछे कचरे के ढेर से बदबू आने पर कुछ लोगों ने देखा तो महिला की लाश पड़ी नजर आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गुमशुदगी के आधार पर परिजन से संपर्क किया। कपड़े देखकर परिजन ने प्रभा की पहचान कर ली। परिजन ने पुलिस को बताया कि प्रभा का कुछ लोगों से पैसों का लेनदेन था। उनका आरोप है कि इसी के चलते उसकी हत्या की गई है। इधर, पुलिस का कहना है शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। मर्ग कायम कर लिया गया है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सीआरपीएफ जवान की बेटी ने खाया जहर, मौत



**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित बंगरसिया इलाके में शनिवार सुबह जहर खाने से एमबीए छात्रा की मौत हो गई। परिजन का कहना है कि उनकी बेटी ने ग्लूकोज के धोखे में घर में रखा चूहेमार खा लिया, जबकि डॉक्टर ने अपनी ओपिनियन में बताया कि सल्फास खाने से युवती की मौत हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विस्तृत बयान दर्ज किए जाएंगे। उसके बाद ही सच सामने आ सकेगा। मृतका के पिता सीआरपीएफ में नौकरी करते हैं। पुलिस के अनुसार केपिटल ग्रीन कॉलोनी बंगरसिया निवासी रंजन उपाध्याय सीआरपीएफ में नौकरी करते हैं। उनकी 21 साल की बेटी शगुन उपाध्याय एमबीए की पढ़ाई कर रही थीं। शनिवार सुबह करीब 11 बजे परिजन गंभीर हालत में शगुन को निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टर ने परीक्षण के बाद युवती को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर का कहना है कि शगुन की मौत सल्फास की गोली खाने से हुई है जबकि परिजनों का कहना है कि उनकी बेटी ने ग्लूकोज के धोखे में घर रखी चूहेमार दवा खा ली थी। उल्टियां होने व हालत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे।

# आरक्षक भर्ती परीक्षा में फर्जी एडमिट कार्ड लेकर पहुंचा जालसाज गिरफ्तार

**गूगल से किसी और का एडमिट कार्ड निकाला, एडिट कर फिजिकल टेस्ट देने पहुंचा था जालसाज**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

लाल परेड मैदान में चल रही शारीरिक दक्षता में पहुंचे जालसाज को जहांगीराबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी लिखित परीक्षा में फेल हो चुका था। बावजूद इसके उसने गूगल से किसी अन्य का एडमिट कार्ड निकाला और एडिटिंग एप की मदद से एडिट कर अपना नाम व फोटो चस्पा कर लिया। एडमिट कार्ड देखने के बाद परीक्षा ले रहे अधिकारियों गौर किया तो पता चला कि एडमिट कार्ड एडिट किया हुआ है। इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस के अनुसार मूलरूप से बम्होरी गुना निवासी राजबिहारी धाकड़ (21) रातीबड़ स्थित निजी कॉलेज से एग्रीकल्चर विषय में बीएससी की प्राइवेट पढ़ाई कर रहा है। उसके पिता किसान हैं। राजबिहारी पुलिस आरक्षक भर्ती की



लिखित परीक्षा में शामिल हुआ था, लेकिन वह फेल हो गया। लिखित परीक्षा में पास हुए अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा चल रही है। यह पता चलते ही शनिवार सुबह वह लाल परेड मैदान फर्जी एडमिट कार्ड लेकर पहुंच गया। वहां के अधिकारी एसआई शैलेष गुरुंग को राजबिहारी धाकड़ के एडमिट कार्ड के फांट के साइज व प्रकार को लेकर संदेह हुआ। फांट साइज का मिलान नहीं होने पर भर्ती परीक्षा की सायबर शाखा को जांच के लिए दिया गया। जांच में पता चला कि राजबिहारी धाकड़ का एडमिट कार्ड फर्जी है। पिन शॉट एप की मदद से की एडिटिंग पुलिस ने बताया कि आरोपी राजबिहारी धाकड़ ने गूगल पर सर्च कर पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा के एक क्वालीफाई अभ्यर्थी का एडमिट कार्ड निकाल लिया ।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत



**भोपाल।** सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित भोपाल विदिशा रोड पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे में उसका साथी गंभीर रूप से घायल हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। टक्कर मारने वाले ट्रक चालक पर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार मेहताब सिंह (30) मूलतः सागर का रहने वाला था। फिलहाल वह सूखी सेवनिया स्थित चोपड़ाकला में रहता था और कल्याणपुरा स्थित एक आटो पार्ट्स बनाने वाली कंपनी में काम करता था। शुक्रवार की शाम को मेहताब और उसका दोस्त अशोक सिलावट बाइक से घर लौट रहे थे। विदिशा रोड पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां मेहताब की मौत हो गई। अशोक का गंभीर हालत में इलाज चल रहा है।

# नर्मदा एक्सप्रेस में 3 यात्रियों के मोबाइल चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

नर्मदा एक्सप्रेस में सफर के दौरान तीन यात्रियों के कीमती मोबाइल फोन और पर्स चोरी हो गए। जीआरपी ने सभी मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार इंदौर निवासी सुमन गनावा (36) नर्मदा एक्सप्रेस में बिलासपुर से इंदौर की यात्रा कर रही थी। भोपाल स्टेशन पर नींद खुलने के बाद वह अपना पर्स सीट पर रखकर वॉशरूम चली गई। वापस लौटी तो पर्स गायब था।

पर्स के अंदर 16 हजार रुपए कीमत का मोबाइल फोन और अन्य सामान रखा हुआ था। इसी प्रकार देवास निवासी गोविंद वर्मा (33) नर्मदा एक्सप्रेस में कटनी से देवास



की यात्रा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अपना 27 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन पैंट की जेब में रखा था। भोपाल रेलवे स्टेशन निकलने के बाद उनकी नींद खुली तो जेब में रखा मोबाइल फोन चोरी हो चुका था।

इधर हाट पिपल्या देवास निवासी रणधीर सिंह राठौर (31) नर्मदा एक्सप्रेस में जबलपुर से इंदौर की यात्रा कर रहे थे। इस दौरान सिरहाने रखा उनका मोबाइल फोन चोरी हो गया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 20 हजार रुपए बताई गई है। यात्रियों के मोबाइल और पर्स चोरी सागर निवासी शिवा बसोर (27) पटना अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस के जनरल कोच में सवार होकर सागर से उज्जैन की यात्रा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अपना मोबाइल फोन चार्जिंग पाइंट पर लगाया था। रात करीब डेढ़ बजे सीहोर स्टेशन निकलने के बाद नजर पड़ी तो उनका मोबाइल फोन गायब हो चुका था।

इसी प्रकार गोपालगंज सागर निवासी सुरेंद्र कुमार चढ़ार को भोपाल से सागर जाना थाना। वह ट्रेन पकड़ने के लिए भोपाल स्टेशन पहुंचे थे। राज्यरानी ट्रेन आने पर वह ट्रेन में बैठने का प्रयास करने लगे, तभी किसी ने जेब से पर्स चोरी कर लिया। पर्स में आधार कार्ड, वोटर कार्ड, एटीएम कार्ड, पेन कार्ड और नगदी 10 हजार रुपए रखे हुए थे।

## ट्रेन में चढ़ते समय जेब से 65 हजार का आईफोन चोरी

भोपाल रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ते समय एक युवक की जेब में रखा 65 हजार रुपये कीमत का आईफोन चोरी चला गया। कई अन्य यात्रियों के मोबाइल और पर्स समेत हजारों का सामान चोरी हुआ है। जीआरपी ने सभी मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हन्नी कुमार सिंह कुशीनगर उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। गोरखपुर जाने के लिए वह भोपाल रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। राप्ती सागर एक्सप्रेस के जनरल कोच मे चढ़ते समय किसी ने उनकी जेब से आईफोन चोरी कर लिया। चोरी गए फोन की कीमत 65 हजार रुपये बताई गई है। इधर गुना निवासी राज खरे भोपाल एक्सप्रेस में इंदौर से भोपाल की यात्रा कर रहे थे। उज्जैन के बाद वह अपना मोबाइल सीट पर रखकर सो गए थे। संत हिरदाराम नगर स्टेशन आने से पहले उनकी नींद खुली तो सीट पर रखा मोबाइल फोन गायब था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 11 हजार रुपए बताई गई है। इधर अहमदाबाद निवासी अनीता बेन जबलपुर सोमनाथ एक्सप्रेस से भोपाल की यात्रा कर रही थी। इस दौरान उनका लेडीज पर्स चोरी चला गया। पर्स में 10 हजार रुपए नकद और अन्य सामान रखा हुआ था। अनीता ने वापस लौटकर अहमदाबाद जीआरपी में केस दर्ज कराया था, जहां से डायरी आने के बाद भोपाल जीआरपी ने असल कायमी कर ली है।

## नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाला गिरफ्तार

**भोपाल।** कटारा हिल्स इलाके में नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी बिजेंद्र निगम ने बताया कि इलाके में रहने वाली नाबालिग लड़की ने छह नवंबर को शंकर ठाकुर के खिलाफ घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसके बाद आरोपी की तलाश की जा रही थी। शनिवार को सूचना मिली कि आरोपी विवेकानंद परिसर कटारा हिल्स स्थित अपने फ्लैट पर आया हुआ है। मौके पर पहुंची टीम ने उसे हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना शंकर ठाकुर बताया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल लिया है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022